सुविचार

दुनिया में कोई भी चीज कितनी भी कीमती क्यों ना हो, लेकिन नींद, आनंद और शांति से कीमती कुछ भी नही।

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 | अंकः 96 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, गुरुवार 2 नवंबर, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

## वानखेड़े में सचिन का स्टैच्यू लगाः तेंदुलकर का रणजी करियर यहीं शुरू हुआ

**आखिरी टेस्ट यहीं खेला**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने बुधवार 1 नवंबर को वानखेड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर के स्टैच्यू का इनॉगरेशन किया। सेरेमनी शाम 5 बजे हुई। सचिन की प्रतिमा स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर स्टैंड के पास लगाई गई है। यह प्रतिमा उनके जीवन के 50 सालों को समर्पित है। इस साल अप्रैल में सचिन ने अपना 50वां जन्मदिन मनाया था। अनावरण समारोह में सचिन तेंदुलकर के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, BCCI सचिव जय शाह, BCCI उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और NCP नेता शरद पवार भी मौजूद रहे। इस दौरान सचिन की पत्नी अंजलि और बेटी सारा भी मौजूद रहीं। दो दशकों के सफल करियर के बाद सचिन ने नवंबर 2013 में वानखेड़े स्टेडियम में ही अपना 200वां और अंतिम टेस्ट खेला था।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कल आएंगे दूदूः बाबूलाल नागर की नामांकन सभा को करेंगे संबोधित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दूदू।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को दूदू आएंगे। यहां वे कांग्रेस प्रत्याशी बाबूलाल नागर की नामांकन जनसभा में शामिल होंगे। उनका सुबह 9:30 बजे पहुंचने का कार्यक्रम है। नामांकन दाखिल करने से पहले मोजमाबाद रोड स्थित श्रीराम रिसोर्ट में सभा को संबोधित करेंगे। विधायक बाबूलाल नागर ने बताया कि नामांकन सभा में सीएम अशोक गहलोत और सीडब्ल्यूसी के सदस्य डॉ. मोहन प्रकाश के पहुंचने का कार्यक्रम है। सभा के बाद बाबूलाल नागर दूदू के उपखंड कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी के सामने नामांकन दाखिल करेंगे। इधर दूदू से भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रेमचंद बैरवा 3 नवंबर को नामांकन दाखिल करेंगे।

BJP में प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट पर लगी मुहर

# दिल्ली में सीईसी की बैठक खत्म; 55 उम्मीदवारों के नाम की हो सकती है घोषणा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट पर आज मुहर लग गई। दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति (उएउ) की बैठक बुधवार शाम करीब 7:45 बजे खत्म हुई। बीजेपी राजस्थान में 124 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बैठक में शेष बची 76 सीटों को लेकर मंथन हुआ। सभी सीटों पर नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। तीसरी लिस्ट में 50 से 55 प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। जिन सीटों पर ज्यादा विवाद की आशंका है और जिन सीटों पर कांग्रेस से शामिल हुए नेताओं को टिकट देना तय हुआ है, उन सीटों को होल्ड पर रखा जा सकता है। इनके नाम तीसरी लिस्ट जारी होने के एक दिन बाद घोषित किए जा सकते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। बैठक में राजस्थान से प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह सहित अन्य नेता शामिल हुए।

**76 में से 66 सीटों पर पिछला चुनाव हार चुकी है बीजेपीः** जिन 76 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है, उनमें से 66 सीटों पर बीजेपी पिछला चुनाव हार चुकी है। ऐसे में इन सीटों पर सबसे ज्यादा मंथन हुआ है। जयपुर और दिल्ली में दो दिन की मैराथन बैठक के बाद इन सीटों पर तीन-तीन नामों का पैनल तैयार किया गया था। सीईसी की बैठक में चर्चा के बाद अब एक नाम फाइनल कर लिया गया है।

**सिर्फ 10 सीटें ही भाजपा के पासः** शेष बची 76 सीटों में से 10 सीटें ही ऐसी हैं, जहां भाजपा ने पिछला विधानसभा चुनाव जीता था। ये सीटें शाहपुरा , केशोरायपाटन, भीनमाल, सूरतगढ़, रानीवाड़ा, फलोदी, लाडपुरा, रामगंज मंडी, मावली और कपासन हैं। इनमें से भी केशोरायपाटन और रामगंज मंडी से मौजूदा विधायकों ने सीट बदलने की इच्छा जताई है।

## RTO में 5 करोड़ रुपए की कार का रजिस्ट्रेशन, मिला 40 लाख का राजस्व

जयपुर। वाटिका में 44 बीघा खातेदारी जमीन का स्टे के बावजूद नियमन करने के मामले में विकास समिति ने खातेदार के खिलाफ जेडीए में शिकायत दी है। इस मामले को लेकर समिति का आरोप है कि 25 साल पहले खातेदार ने जमीन सोसायटी को बेची दी और 1997-1998 में भूखंडधारियों के नाम पट्टे जारी हो गए।



वर्तमान में 22 बीघा जमीन पर करीब 250 भूखंडधारी यानि 60 फीसदी जमीन पर बसावट है। आदिनाथ विकास समिति के सचिव बनवारी लाल जांगिड़ ने बताया कि इस मामले में सांगानेर एसडीएम कोर्ट ने स्टे आदेश खारिज कर दिया है। जेडीए ने इसी आधार पर कॉलोनी के नियमन की प्रक्रिया की है।। जिस समय 90ए की कार्रवाई हुई तब जमाबंदी में कोई स्थगन आदेश नहीं था। इस मामले में खातेदार की शिकायत है कि जेडीए ने मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट ने 6 अप्रैल को विवादित जमीन को लेकर मौका स्थिति और रिकार्ड को यथावत रखने के लिए स्टे दिया था। इसके बावजूद जेडीए ने अगस्त में नियमन कर दिया। जयपुर` झालाना आरटीओ ऑफिस में बुधवार को 5 करोड़ की कार का रजिस्ट्रेशन हुआ। कार का नाम लेम्बोर्गिनी बताई जा रही है। इसके रजिस्ट्रेशन कराने से परिवहन विभाग को 40 लाख रुपए का राजस्व मिला है। जानकारों के मुताबिक इस कार की महज 1999 यूनिट बनी।

## सचिवालय में लाइब्रेरी भवन की चौथी मंजिल पर आग

**IT विंग की फाइलें हुई राख तो BJP ने उठाए सवाल**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में सचिवालय स्थित लाइब्रेरी भवन की चौथी मंजिल पर आज सुबह 8 बजे अचानक आग लग गई। आग की वजह से कमरे में रखी फाइलें और फर्नीचर जलकर राख हो गया। बता दे कि जहां पर आग लगी वो कमरे सीएमओ के विशेष अधिकारी लोकेश शर्मा और आईटी विंग को आवंटित है। ऐसे में बीजेपी ने सवाल उठाया है कि आग लगी है या लगाई गई है। साथ ही बीजेपी प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि सचिवालय में हर बार चुनाव से पहले ही इस प्रकार आग क्यों लगती है? जानकारी के मुताबिक आज सुबह 8 बजे सचिवालय स्थित लाइब्रेरी भवन की चौथी मंजिल अचानक आग लग गई है। बंद ऑफिस से धुआं आने पर सिक्योरिटी स्टाफ ने अपने स्तर पर तत्काल आग पर काबू पा लिया। लेकिन, तब तक ऑफिस में रखा फर्नीचर, कम्प्यूटर और कई फाइलें जलकर राख हो गई। इस ऑफिस में राजस्थान सरकार की ट्वीटर हैंडल और सोशल मीडिया टीम काम करती है। आग की चपेट में आने से कई डिवाइस और सॉफ्टवेयर भी जलकर राख हो गए। बता जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी।



## राजस्थान में बालकनाथ की चुनावी सभा में पहुंचे CM योगी

**भिवाड़ी।** तिजारा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महंत बालकनाथ ने आज नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनके समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा- हमने सुना है कि तिजारा विधानसभा सीट से कांग्रेस ने जिसे उतारा है, वह अपने नाम के साथ बड़ी-बड़ी उपमाएं लगाता है। तालिबान का इलाज तो बजरंग




बली की गदा के पास ही है। गाजा पट्टी में तालिबानी मानसिकता को इजराइल कैसे कुचल रहा है, आप सब देख रहे हैं। गौरतलब है कि तिजारा विधानसभा सीट से कांग्रेस ने इमरान खान को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का गौरवशाली इतिहास है, लेकिन कांग्रेस इसे कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस देश की हर समस्या का नाम है। मोदी के नेतृत्व में देश की समस्याओं का एक-एक कर समाधान हो रहा है। सभी समस्याएं कांग्रेस की देन हैं।

वर्ल्ड कप

## साउथ अफ्रीका वर्ल्डकप में 24 साल बाद न्यूजीलैंड से जीता




**पुणे।** साउथ अफ्रीका ने वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को 24 साल बाद हराया। टीम को 1999 के बाद अब 2023 में पुणे के मैदान पर 190 रन से जीत मिली। इस बीच न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को लगातार 5 मुकाबलों में हराया था। MCA स्टेडियम में साउथ अफ्रीका से क्विंटन डी कॉक और रासी वान डर डसन ने सेंचुरी लगाई, जबकि केशव महाराज ने 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड पर जीत के साथ साउथ अफ्रीका के 7 मैचों में 6 जीत से 12 पॉइंट्स हो गए। टीम इस वक्त पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है, जबकि 7 मैचों में लगातार तीसरी हार के बाद न्यूजीलैंड टीम चौथे नंबर पर फिसल गई। अब न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने ही होंगे, वहीं साउथ अफ्रीका आखिरी 2 में से एक मुकाबला जीतकर भी नॉकआउट में क्वालिफाई कर जाएगा। साउथ अफ्रीका का अगला मैच अब 5 नवंबर को भारत से होगा। वहीं न्यूजीलैंड अगला मैच 4 नवंबर को पाकिस्तान से खेलेगा। पुणे में बुधवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 4 विकेट पर 357 रन बनाए। जिसके जवाब में न्यूजीलैंड 35.3 ओवर में 167 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गया।

## वर्ल्ड कप में विजयी रथ में सवार है टीम इंडिया




सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम का आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अब तक शानदार सफर रहा है। इस टूनार्मेंट में रोहित शर्मा ने अभी तक कोई मैच नहीं हारा है। भारतीय टीम इस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड को हरा चुकी है। प्वाइंट्स टेबल में भारतीय टीम 12 अंकों के साथ पहले नंबर पर बरकरार है। अब भारतीय टीम का अगला मुकाबला 2 नवंबर को श्रींलका से होगा। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जायेगा। आइए जानते है कि आंकड़ों में भारत और श्रीलंका में से किस टीम का पलड़ा भारी है? शुभमन गिल इस टूनार्मेंट में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाये है। वनडे फॉर्मेट में भारत और श्रीलंका के बीच कुल 167 मैच खेले गए है। इस दौरान भारत को 98 मैचों में जीत मिली है, जबकि श्रींलका 57 मौकों पर विजयी हुआ है। वर्ल्ड कप इतिहास में भारत और श्रीलंका के बीच 9 मैच खेले गए हैं। जिसमें 4 भारत और 4 श्रीलंका को जीत मिली है। वहीं एक मैच का परिणाम नहीं निकल सका।

## क्या अब, अपना गढ़ बचाने में सफल होगी भाजपा?

# सहानुभूति की लहर और सघन जनसंपर्क के दम पर चुनाव मैदान में 'पुष्पेंद्र भारद्वाज'

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विगत करीब 15 साल के अपने सघन जनसंपर्क अभियान और सहानुभूति की लहर के दम पर शहर की सांगानेर विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज इस बार भाजपा के गढ़ को ध्वस्त करने में सफल होंगे या नहीं यह सवाल आजकल राजनीतिक गलियारों में हर किसी के जुबान पर छाया हुआ है हालांकि भारद्वाज पिछले विधानसभा चुनाव में इसी सीट पर भाजपा प्रत्याशी अशोक लाहोटी से हार चुके हैं लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के अगले दिन से ही भारद्वाज ने अपनी जनसंपर्क अभियान को अनवरत रूप से जारी रखा, अपनी पिछली हार को भूलकर वे दोबारा से नए जोश और उत्साह के साथ सांगानेर इलाके में रोजाना कार्यक्रम बनाकर लोगों से मुलाकात करते रहे हर गली और मोहल्ले में लोगों से मुलाकात कर-के वहां की स्थानीय समस्याओं का संकलन कर समस्याओं की ओर मुख्यमंत्री, मंत्रियों और संबंधित विभागों के बड़े अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया और इलाके की समस्याओं के निवारण के लिए पूरे 5 साल तक स्थानीय लोगों के साथ मिलकर संघर्ष करते रहे जिसकी वजह से स्थानीय लोग उन्हें विधायक ना होने के बावजूद भी विधायक की तरह ही मानने लगे थे, न केवल राजनीतिक गलियारों में बल्कि मीडिया पर्सन में भी पुष्पेंद्र का यह सगन जनसंपर्क अभियान हमेशा चर्चा में रहा जबकि भाजपा के अशोक लाहोटी विधायक होने के बावजूद भी स्थानीय लोगों में आलोचना का शिकार होते रहे, लोगों में यही शिकायत रही कि लाहोटी के दर्शन ही दुर्लभ हो गए हैं हालांकि लाहोटी राजस्थान विधानसभा में बहुत ही जबरदस्त तरीके से विभिन्न विषयों पर दमदार तरीके से अपना भाषण देते रहे और विधानसभा के सदस्यों से वाहवाही लूटते रहे लेकिन अपने इलाके के लोगों से उनका मिलना जुलना बहुत कम हो गया था जिसकी भनक दिल्ली में विराजमान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं



को भी लग गई थी यही बड़ी वजह रही जिसकी वजह से लाहोटी को भाजपा ने दोबारा से टिकट देना मुनासिब नहीं समझा हालांकि इस बार भारतीय जनता पार्टी ने संगठन से जुड़े एक बड़े नेता भजनलाल को चुनाव मैदान में उतारा है हालांकि भजन लाल मुख्यतः भरतपुर जिले के रहने वाले हैं लेकिन विगत कई सालों से सांगानेर इलाके में ही रहते हैं इसलिए इस बार भी इस सीट पर काफी रोचक मुकाबला होने के आसार दिख रहे हैं लेकिन लाहोटी का टिकट कटने से लाहोटी के समर्थकों में नाराजगी भी छाई हुई है अब देखना यह है कि भाजपा के रणनीतिकार लाहोटी के समर्थकों को राजी करने में कहां तक सफल हो पाते हैं पिछले दिनों लाहोटी के समर्थकों और वैश्य समाज के पदाधिकारी ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करके मांग की थी कि जयपुर की एक भी सीट पर वैश्य समाज को भाजपा ने अभी तक उम्मीदवार नहीं बनाया है जबकि जयपुर में वैश्य समाज के मतदाताओं की संख्या हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी तादाद में है इसलिए वैश्य समाज को इग्नोर करना भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनाव के लिहाज से ठीक नहीं होगा हालांकि इस प्रदर्शन में अशोक लाहोटी ने यह भी कहा था कि भले ही मुझे टिकट न दो लेकिन वैश्य समाज के व्यक्ति को भी जयपुर में भाजपा को टिकट देना ही चाहिए अन्यथा चुनाव में वैश्य समाज बीजेपी से दूरियां बना लेगा लेकिन जानकार लोगों का यह भी कहना है कि भारतीय जनता पार्टी कैडर बेस पार्टी है और जयपुर में संघनिष्ट कार्यकताओं की एक बहुत बड़ी फौज है जो हमेशा भाजपा उम्मीदवारों की जीत के रास्ते को काफी आसान बनाती आ रही है राजनीतिक के जानकार लोग यह भी कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी में टिकट बटवारा होने से पहले ही आपस में मतभेद होते हैं और जैसे ही उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट जारी हो जाती है उसके बाद घोषित उम्मीदवार को जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट भी हो जाते हैं इसलिए भारतीय जनता पार्टी में टिकट वितरण के बाद जो असंतोष पैदा होता है वह अपने आप ही शांत भी हो जाता है इसलिए सांगानेर सीट पर लाहोटी का पत्ता साफ कर देने के बाद भजनलाल के लिए नाराज पार्टी के कार्यकताओं को मानना कोई ज्यादा परेशानी का विषय नहीं है इसलिए भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच यहां पर एक बार फिर से कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है लेकिन राजनीतिक की परख रखने वाले लोगों का कहना है कि प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों में कांग्रेस उम्मीदवारों के मूवमेंट और जनसंपर्क अभियान के संदर्भ में मोटे रूप से गौर करें तो इसमें अकेले पुष्पेंद्र भारद्वाज ऐसे नेता नजर आ रहे हैं जिन्होंने पिछला चुनाव हारने के अगले दिन से ही अपने सघन जनसंपर्क अभियान को 5 साल अब तक जारी रखा जिसकी बदौलत कांग्रेस के रणनीतिकारों ने उन्हें टिकट देना वाजिब भी समझा हालांकि सांगानेर कांग्रेस में नेताओं के बीच आपस में अनबन और मनमुटाव अब भी जारी है पिछले चुनाव में भी पुष्पेंद्र भारद्वाज की हार का एक बड़ा कारण सांगानेर कांग्रेस से जुड़े कुछ बड़े नेताओं ने पुष्पेंद्र भारद्वाज के चुनाव प्रचार में बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं दिखाई और अंदर ही अंदर भारद्वाज को हारने का रास्ता तैयार किया ठीक उसी तरह की स्थिति अब भी सांगानेर कांग्रेस में बनी हुई है जिन नेताओं ने कांग्रेस से टिकट के दावेदारी की हुई थी वह नेता अब पिछले चुनाव की तरह फिर से कांग्रेस की हार का रास्ता तैयार करने में व्यस्त हैं लेकिन जानकार लोगों का कहना है कि इस बार सांगानेर के लोगों की सहानुभूति पुष्पेंद्र भारद्वाज के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी क्योंकि भारद्वाज के प्रति स्थानीय लोगों में हमदर्दी और सहानुभूति इस बार जबरदस्त तरीके से देखी जा रही है जो भारद्वाज की एक बड़ी ताकत बनी हुई है अब देखना यह है कि सांगानेर में जीत का स्वाद कांग्रेस पार्टी चकेगी या फिर भाजपा।

| पूर्वानुमान> | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|
| 20° अधिकतम> | 26°c | 26°c | 27°c | 26°c |
| न्यूनतम> | 21°c | 20°c | 21°c | 20°c |

# चार साल में दीया कुमारी की प्रॉपर्टी ढ़ाई करोड़ बढ़ी

## राजसमंद प्रत्याशी दीप्ति की संपत्ति में ढाई साल में 2 करोड़ का इजाफा, प्रतापपुरी के पास स्कॉर्पियो

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उदयपुर।** राजसमंद से सांसद और विद्याधर नगर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी की प्रॉपर्टी करीब साढ़े चार साल में ढाई करोड़ रुपए बढ़ी है। वहीं, पूर्व मंत्री दिवंगत किरण माहेश्वरी की बेटी और राजसमंद प्रत्याशी दीप्ति माहेश्वरी की संपत्ति ढाई साल में करीब दो करोड़ रुपए तक बढ़ी है।इधर, पोकरण से भाजपा प्रत्याशी प्रतापपुरी की बात की जाए तो उनके पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी है। इसके अलावा जमीन और गोल्ड है। दीया कुमारी की कुल संपत्ति 19.19 करोड़ रुपए है। उनके नाम जमीन या बिल्डिंग नहीं है। गोल्ड, डायमंड और रूबी के गहने हैं। दीप्ति माहेश्वरी के पास चल से ज्यादा अचल संपत्ति है। पोकरण से प्रत्याशी प्रतापपुरी के पास भी अचल संपत्ति ज्यादा है। तीनों प्रत्याशियों ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान दिए शपथ पत्र में इन प्रत्याशियों की प्रॉपर्टी को लेकर भी कई रोचक फैक्ट सामने आए हैं।



**दीया कुमारी की चल संपत्ति 2.60 करोड़ रुपए बढ़ी:** दीया कुमारी की संपत्ति करीब साढ़े चार साल में 2.60 करोड़ रुपए बढ़ी है।2019 में उन्होंने राजसमंद से लोकसभा चुनाव लड़ा था और तब नामांकन के दौरान दिए शपथ पत्र में दीया कुमारी ने अपनी चल संपत्ति 16,59,84,623 बताई थी।सोमवार को जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से भरे नामांकन में चल संपत्ति 19,19,87,382 बताई है।

### करोड़पति दीया कुमारी के पास नकद 75 हजार ही

दीया कुमारी ने शपथ पत्र में अपने पास नकद 75,600 रुपए ही होना बताया है। अहम बात यह है कि उनके पास अचल संपत्ति के नाम पर कोई प्रॉपर्टी नहीं है। यही नहीं, उनके नाम पर कोई गाड़ी भी नहीं है और उनके नाम कोई देनदारी भी नहीं है।

### दीप्ति की चल-अचल संपत्ति में ढाई साल में बड़ा इजाफा

दीप्ति माहेश्वरी ने मार्च 2021 में राजसमंद से विधानसभा का उप चुनाव लड़ा था। तब उनकी चल संपत्ति 50,56,366 रुपए थी, जो अब बढ़कर 92,28,335 रुपए हो गई है। उनकी चल संपत्ति 41,71,969 रुपए बढ़ी है। उनकी अचल संपत्ति तब डेढ़ करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर 3 करोड़ 25 लाख हो गई है।

## पंचाग

दिनांक:-02 नवम्बर 2023 गुरुवार
विक्रम संवत2080 कार्तिक कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | पंचमी | 21:51:39 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | आद्रा | 29:56:03 |
| योग | शिव | 13:11:44 |
| करण | कौलव | 09:29:41 |
| करण | तैतुल | 21:51:39 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | |
| सूर्य राशि | तुला | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:38:08 |
| सूर्यास्त | 17:42:16 | |
| चंद्रोदय | 21:21:04 | |
| चंद्रास्त | 11:04:49 | |
| राहू काल | 13:33 - 14:56 | |
| अभिजित | 11:48 - 12:32 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 06:38 - 08:01 | शुभ |
| चर | 10:47 - 12:10 | शुभ |
| लाभ | 12:10 - 13:33 | शुभ |
| अमृत | 13:33 - 14:56 | शुभ |
| शुभ | 16:19 - 17:42 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच, आज की सबसे बड़ी जरूरत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड की ओर से धौलपुर के सरमथुरा ब्लॉक की पंचायत खरौली के गांव खरौली के सामुदायिक भवन पर आजा कैंप (आरोग्य जन जागरुकता अभियान) का आयोजन किया गया जिस में गैर संचारी रोगों के बारे में बताया। मधुमेह और बी पी (उच्च रक्तचाप) की जांच भी की गई। उल्ड धर्मेन्द्र सिंह मीणा जी ने बताया कि हमे मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच वर्ष में एक बार अवश्य करवानी चाहिए। यह जांच हम अपने नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर, अपने आस पास के किसी भी अस्पताल में जाकर निशुल्क करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गैर संचारी रोग वो रोग होते है जो छूने पर या एक दूसरे के संपर्क में आने से नहीं फैलते, हमें समय समय पर अपने शरीर की जाँच करानी चाहिए जिससे समय पर हमें बीमारी का पता लग सके ये बीमारियां ऐसी होती है जो धीरे धीरे हमारे शरीर में पनपती रहती है और ये कब अपना उग्र रूप ले लेती हैं हमें पता ही नहीं चलता, इससे बचने के लिए मरीज को शारीरिक गतिविधि जैसे पैदल चलना, योग व्यायाम करना और अपने खाने का ध्यान विशेष रूप से रखना चाहिए। मैदा और ज्यादा तेल मसाले वाले खाना या सिगरेट शराब आदि के सेवन से हमें बचना चाहिए, इस दौरान 55 मरीजों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी इस मौके पर खरौली सबसेंटर से ए एन एम रेखा मीना, नर्सिंग ऑफिसर धर्मेन्द्र मीणा, आशा सहयोगिनी गुड्डी मीणा व कार्यकर्ता गीता शर्मा और ममता संस्था से ब्लॉक सुपरवाइजर जीतेन्द्र शर्मा व अन्य साथी उपस्थित रहे।

## विधानसभा आम चुनाव 2023

# जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह व पुलिस अधीक्षक रहे जिले के दौरे पर

### पाटन,मोगर, बदनोर, भोजपुर, चेनपुरा व भादसी सहित कुल 10 संवेदनशील मतदान बूथों का किया संयुक्त निरीक्षण, तैयारियां परखी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह बुधवार को जिले के दौरे पर रहे उन्होंने विधानसभा आम चुनाव 2023 की तैयारियों को लेकर पाटन,मोगर, बदनोर, भोजपुर, चेनपुरा व भादसी सहित कुल 10 संवेदनशील मतदान बूथों का संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से मतदान बूथों पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली । बीएलओ को निर्वाचन क्षेत्र, भाग संख्या, मतदाताओं की संख्या, सुपरवाइजर का नाम , मतदान केंद्र का नाम इत्यादि स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए जिला कलेक्टर ने बीएलओ को कहा कि उन्हें स्वयं के बूथ से जुड़ी विभिन्न जानकारी पता हो एवं चुनाव आयोग की गाइडलाइन की पूर्णतया पालना करे उन्होंने कहा कि जल्द ही वोटर रजिस्टर्ड बूथ की जगह निर्धारित करे जिला कलेक्टर ने अवैध शराब की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक ने कानून व शांति व्यवस्था के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से मतदान दिवस से पूर्व व मतदान दिवस के दिन की जाने वाली सभी आवश्यक की जाने वाली तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।

**जनप्रतिनिधियों व मतदाताओं से की बात, मतदान प्रतिशत बढाने की अपील की**

### सी-विजिल' ऐप का ज्यादा से ज्यादा करे प्रचार

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को 'सी-विजिल' ऐप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर व डाउनलोड करवाये इस ऐप द्वारा मतदाताओं से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निवारण कर निष्पक्ष चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप चुनाव करवाने में अहम साबित होगा उन्होंने हाउस टू हाउस सर्वे , वोटर लिस्ट में जुड़े व हटे मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्र पर प्रवेश व निकासी के मार्ग , बेरिकेडिंग की आवश्यकता सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**जनप्रतिनिधियों व मतदाताओं से की बात, मतदान प्रतिशत बढाने की अपील की:** इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने विभिन्न बूथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों स्थानीय मतदाताओं से बात की और बूथ से जुड़ी आवश्यक जानकारियां शेयर की उन्होंने मतदाताओं को पूर्व की भांति इस बार भी निष्पक्ष व निर्भीक रूप से ज्यादा से ज्यादा मतदान कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की इस अवसर पर बदनोर उपखंड अधिकारी सोहन सिंह नरुका , बीडीओ, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे ।

# व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों को औद्योगिक भ्रमण के लिए हरी झंडी देकर किया रवाना



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों को बुधवार को राजकीय आईटीआई ब्यावर का औद्योगिक भ्रमण करवाया गया उपप्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रजापति ने छात्रों को हरी झंडी दिखा कर राजकीय आईटीआई ब्यावर के लिए रवाना किया। कार्यवाहक प्राचार्य तुलसा राम चौधरी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए और बच्चों को आईटीआई के द्वारा रोजगार के अवसर के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी इलेक्ट्रिकल आईटीआई प्रशिक्षक सुरेंद्र सिंह ने बच्चों को बिजली के उपकरण के बारे में जानकारी देते हुए प्रैक्टिकल करवाये । छात्रों को आईटी लैब की भी विजिट करवाई गई` कौशल मित्र मनोज कुमार पंवार ने छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान की महत्ता के बारे में बताया, इंडस्ट्रियल विजिट में वोकेशनल ट्रेनर राहुल ओझा और संगीता रैंकवार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संभाग के हर जिले में खुलेंगे भाजपा के मीडिया सेंटर- प्रिंस भटनागर

सितारा न्यूज नेटवर्क



**धौलपुर/अंकित गोयल।** भरतपुर संभाग का भाजपा मीडिया सेंटर का का उद्घाटन राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह द्वारा किया गया, संभाग समन्वयक प्रिंस भटनागर ने बताया कि इसी तरह भरतपुर संभाग के हर जिले में एक - एक मीडिया सेंटर भाजपा की ओर से खोला जाएगा जो दिन प्रतिदिन चुनावी घटनाक्रम पर निगरानी रखेगा जिसको राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के प्रवक्ता समय-समय पर उपलब्ध रहेंगे, प्रदेश प्रवक्ता शैलेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि भरतपुर संभाग में करौली, सवाई माधोपुर, धौलपुर और भरतपुर जिला आता हैं अगला मीडिया सेंटर धौलपुर जिले में शीघ्र खुलेगा जो कि धौलपुर जिले की चारों विधानसभाओं धौलपुर, बाड़ी, बसेड़ी एवं राजाखेड़ा पर निगरानी रखेगा, भरतपुर संभाग के सह प्रभारी एवं धौलपुर जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने बताया कि धौलपुर जिले की चारों विधानसभाओं में मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त हो चुके हैं जो दिन प्रतिदिन अपनी सूचनाओं प्रदेश कार्यालय तक पहुंचा रहे हैं शीघ्र धौलपुर में भाजपा का मीडिया सेंटर खुलेगा जिसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है जो कि प्रदेश के दिशा निर्देश अनुसार चलेगा।

# राहुल पटेल भाजयुमों लक्ष्मणगढ़ मण्डल संयोजक नियुक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क



**लक्ष्मणगढ़।** भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण जैन ने जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की सहमति से लक्ष्मणगढ़ के हरसाना गांव निवासी राहुल पटेल को भाजपा जनता युवा मोर्चा मंडल लक्ष्मणगढ़ का मंडल संयोजक नियुक्त किया है। राहुल पटेल ने बताया कि मण्डल को और मजबूत करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान राहुल पटेल के समर्थकों ने खुशी प्रकट की। गौरतलब है कि राहुल पटेल के पिता मुकेश पटेल हरसाना में भाजपा जिला मंत्री रह चुके है।

## विधानसभा चुनाव के मध्येनजर की जा रही वाहनों की चैंकिग

# अवैध देशी शराब की 910 पेटी मय मिनी ट्रक के जप्त एवं मुल्जिम शेर सिंह को किया गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क





**बसेड़ी/अंकित गोयल।** विधानसभा चुनाव के मध्येनजर रखते हुए थाना बसेडी इलाके में लगातार प्रमुख मार्गों व चैक पोस्टों पर जिला पुलिस अधीक्षक महोदय मनोज कुमार आईपीएस के निर्देशन में एवं देवेन्द्र सिंह आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एडीएफ बाडी जिला धौलपुर व रविराज सिंह आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत सरमथुरा के निकटतम सुपरवीजन में सघन चैकिंग जारी है एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर द्वारा एसएसटी टीम का गठन कर पुलिस व एसएसटी द्वारा कोटरा तिवरिया नाका पोईन्ट लगाया गया। दिनांक 01-11- 2023 को राकेश कुमार हैड कांस्टेबल मय जाप्ता मय एसएसटी टीम के नाका पोईन्ट कोटरा तिवरिया बयाना रोड पर सघन वाहन चैकिंग कर रहे थे इस दौरान वाहन चैकिंग समय करीब 05:18 एएम पर एक मिनी ट्रक नम्बर आरजे 29 जीए 9785 बसेडी की तरफ से आया जिसको रोककर चैक किया गया तो उक्त मिनी ट्रक में 910 पेटी अवैध देशी शराब की मिली इस पर चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम शेर सिंह पुत्र गोविन्द सिंह जाति कुशवाह उम्र 48 साल निवासी चहल थाना बयाना जिला भरतपुर का होना बताया इस पर मिनी ट्रक नम्बर आरजे 29 जीए 9785 को मय 910 पेटी अवैध देशी शराब को जप्त किया गया अवैध देशी शराब की कीमत करीब 2620800 / (छब्बीस लाख बीस हजार आठ सौ रुपये) एवं मिनी ट्रक की कीमत करीब 1700000/ (सत्रह लाख रुपये) है।मुल्जिम शेर सिंह पुत्र गोविन्द सिंह जाति कुशवाह उम्र 48 साल निवासी चहल थाना बयाना जिला भरतपुर को जरिये फर्द गिरफ्तारी के गिरफ्तार किया गया। इस पर मुकदमा दर्ज कर आबकारी अधिनियम में कायम कर अवैध देशी शराब के बारे में गहनता से अनुसंधान जारी हैं। पुलिस टीम का विवरण डाल चन्द प्रधानाचार्य हाल एसएसटी प्रभारी कोटरा, राकेश कुमार हैड कांस्टेबल एसएसटी टीम, केशव सिंह कान्स्टेबल एसएसटी टीम मौजूद रही।

# रैणी कस्बे मे किसी भी स्थान पर गन्दगी दिखाई नही देगी: नगरपालिका ईओ जगदीश खीचड़

### कस्बे मे सारी जगह पर नियमित रूप से प्रतिदिन सफाई कार्य कराने की बात बताई ईओ रैणी ने






सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी नगरपालिका मंडल क्षेत्र के रैणी कस्बे मे बुधवार को सड़क किनारे बने नाले साफ होते दिखाई दिए तथा रैणी नपा ईओ जगदीश खीचड ने मिडिया को बताया कि रैणी कस्बे मे रोज प्रतिदिन नियमित रूप से साफ सफाई कार्य हो रहा है और अब बुधवार से जो नाले ब्लॉक/अवरूद्ध हो रहे थे उनकी भी साफ सफाई भी अब जेसीबी व टैक्टर ट्रोली की सहायता से सफाई कराई जा रही है और भविष्य मे अब कभी भी कही भी गन्दगी दिखाई नही देगी , यह बात रैणी नपा मंडल ईओ जगदीश खीचड ने मिडिया को बताई। रैणी नगरपालिका मंडल ईओ जगदीश खीचड के पास वर्तमान मे 4--5 नगरपालिका ईओ चार्ज मिला हुआ है ऐसे मे ईओ खीचड रैणी नपा मे तो कभी कभार ही आना होता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## चार माह से गतिशील नवकार महामंत्र जाप का समापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** गांधी आराधना भवन में चल रहे वषार्वास के दौरान प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी धैर्यप्रभा जी आदि ठाणा के तत्वावधान में गांधी आराधना भवन में गत चार माह से गतिशील नवकार महामंत्र के जाप का समापन हुआ। इस अवसर पर महासाध्वी धैर्यप्रभा ने उपस्थित धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि नवकार महामंत्र को यदि सच्ची श्रद्धा के साथ कोई व्यक्ति स्मरण करता है तो उसके कर्मो का नाश होता हैं। जैन इतिहास में अनेको उदाहरण है जो बताते है कि शुद्ध भावों के साथ नमस्कार मन्त्र के स्मरण से कष्ट मिट गये। इसके स्मरण से व्यक्ति अपने जीवन को उन्नति की और ले जा सकता हैं। महासती धृतिप्रभा, धीरप्रभा और धार्मिक प्रभा ने धर्मसभा को प्रतिदिन नवकार मन्त्र का स्मरण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि संसार के सभी दूसरे मंत्रों में भगवान से या देवताओं से किसी न किसी प्रकार की मांग की जाती है लेकिन इस मंत्र में कोई मांग नहीं है। इस मंत्र में पांच पदों को समर्पण और नमस्कार किया गया है। इसलिए यह महामंत्र है दिवाकर संघ अध्यक्ष देवराज लोढ़ा ने बताया कि गत चार माह से गांधी आराधना भवन में जाप गतिशील था। प्रतिदिन एक परिवार द्वारा गांधी आराधना भवन में जाप की आराधना की जाती थी। जाप करने वाले परिवार के अलावा भी श्रावक श्राविकाओं द्वारा पूरे मास में एक - एक घण्टे गांधी आराधना भवन में सामायिक के साथ जाप की आराधना करते थे महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला लोढ़ा के अनुसार इस जाप आराधना में सभी का सहयोग रहा। प्रतिदिन प्रातः 06 बजे से सांय 06 बजे तक जाप चलता था। आज इसका समापन का पल अतुल्य हैं ।नवयुवक मंडल के अध्यक्ष दीपक बाफना ने बताया कि जाप आगामी 05 नवम्बर को नवयुवक मंडल द्वारा चातुर्मास काल में मासखमन की तपस्या करने वालो का बहुमान किया जाएगा। बहु मण्डल अध्यक्षा सन्ध्या छल्लानी के अनुसार महासती मण्डल का चतुर्मास हर मामले में ऐतिहासिक रहा। सभी कार्यक्रमों, प्रवचन, जाप, सेवा, तप - त्याग इत्यादि सभी मे श्रावक श्राविकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जैन दिवाकर संघ, दिवाकर महिला मंडल, नवयुवक मंडल, बहु मण्डल के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ अनेकों श्रावक श्राविका उपस्थित थे।

## लोक जनशक्ति पार्टी ने घोषित किए 32 प्रत्याशियों के नाम, हवामहल से सुनीता जाट को उतारा मैदान में

***जयपुर की हवामहल के साथ सिविल लाइंस, मालवीय नगर, सांगानेर, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, किशनपोल और बगरू विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित***

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर/विनोद धायल।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में 32 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सूरज कुमार बुराहडिया उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। जयपुर की हवामहल सीट से सुनीता जाट को प्रत्याशी घोषित किया है। सुनीता पिछले कई सालों से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ी हुई थी। वे जनवादी महिला संगठन से भी जुड़ी हुई हैं। महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों को लेकर वे कई बार आंदोलन भी कर चुकी है। जयपुर की हवामहल सीट के साथ सिविल लाइंस, मालवीय नगर, सांगानेर, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, किशनपोल और बगरू विधानसभा सीटों पर भी प्रत्याशी उतारे हैं।

## श्रवण चौधरी की नामांकन सभा को लेकर कार्यकताओं में उत्साह

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** फतेहपुर भाजपा प्रत्याशी श्रवण चौधरी के नामांकन के लिए 2 नवम्बर को आयोजित की जा रही नामांकन सभा एवं जन आशीर्वाद रैली के लिए क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा प्रवक्ता फतेहपुर एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि श्रवण चौधरी के नामांकन से पहले प्रातः 10 बजे पंचायत समिति कार्यालय के सामने स्थित सूर्य मंडल में नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद फतेहपुर शहर में जन आशीर्वाद रैली निकाली जाएगी। यह रैली पुराने सिनेमा के पास स्थित जैन भवन तक जाएगी, जहां भाजपा के नये कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यालय का उद्घाटन संतों के सानिध्य में पूजन प्रक्रिया के साथ किया जाएगा। सभा को भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, नरेंद्र खीचड़, सुभाष महरिया, अभिनेष महर्षि, गोवर्धन वर्मा, हरलाल सहारण, बबिता फोगाट आदि संबोधित करेंगे। इस मौके पर क्षेत्र के जाने माने संत विजय नाथजी व सांगलिया धूनी से ओमदास जी महाराज भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी श्रवण चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन को परिवर्तित करने के लिए मैं फतेहपुर क्षेत्र के हर मतदाता से अपील करता हूं कि वह अधिक से अधिक संख्या में सभा एवं रैली में उपस्थित होकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करें।

## मामूली विवाद में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या:ईदगाह की जमीन पर कड़बी रखने को लेकर हुआ था विवाद

सितारा न्यूज नेटवर्क

**भरतपुर।** डीग जिले के खोह थाना इलाके में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। काबान का बास गांव में दो पक्षों में ईदगाह की जमीन पर कड़बी को रखने को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चली। एसपी ब्रजेश ज्योति ने बताया कि, एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने वाला पक्ष गांव से फरार हो गया। खोह थाना अधिकारी गिरिराज सिंह ने बताया की, गांव काबान का बास में साकिर और हमीर पक्ष के बीच कड़बी को रखने के ऊपर विवाद हो गया। दोनों पक्ष ईदगाह की जमीन पर अपनी कड़बी रखना चाहते थे। पहले तो दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। उसके बाद दोनों पक्ष लाठी डंडे निकाल लाए। दोनों ने एक दूसरे पर लाठियों से हमला कर दिया। दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए।

# आसपा प्रत्याशी के कार्यालय उद्घाटन में उमड़ा जनसैलाब, जगह-जगह किया स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क





**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)** कस्बे में बुधवार को आजाद समाज पार्टी (आसपा) के प्रत्याशी डॉ.रोहिताश शर्मा के कार्यालय उद्घाटन में हजारों की संख्या में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान आसपा प्रत्याशी डॉ.रोहिताश शर्मा के समर्थक व पार्टी कार्यकर्ता सुबह 12 बजे उपखंड कार्यालय के सामने से ढोल-नगाडों के साथ विशाल रैली का आयोजन किया। रैली का मुख्य बाजार में दुकानदार और ग्रामीणों ने जगह-जगह तोरण द्वार लगाकर साफा और फुल मालाओं से स्वागत किया। रैली करीब 1 घंटे में मुख्य बाजार से होते हुए कार्यालय उद्घाटन स्थल पहुंची। जहाँ पर पंडितों द्वारा मंत्रौच्चार कर विधि-विधान से कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत आयोजित जनसभा में आसपा प्रत्याशी डॉ.रोहिताश ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए बीजेपी और कांग्रेस पार्टी पर हमला किया। और कहा कि आज दोनों पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इन पार्टियों ने गरीब, किसान को लूटा हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने भारतीय जनता पार्टी की पीठ में छुरा घोपा हो उस व्यक्ति को पार्टी ने टिकिट दिया हैं। इससे बड़ा अन्याय और क्या हो सकता हैं। वही उधोग मंत्री शकुंतला रावत ने तो खुलेआम बानसूर विधानसभा के लोगो को लुटा हैं। चाहे वो जल जीवन मिशन योजना हो या फिर थाना, कचहरी, तहसील आदि में आमजन को लुटा जा रहा हैं। बिजली ट्रांसफार्मर



बदलने के नाम से किसानों को खुलेआम लुटा जा रहा हैं। वही पूर्व मंत्री ने आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन करने वाले अधिकारी व कर्मचारी को आड़े हाथ लिया। इस दौरान 36 बिरादरी के लोगों ने आसपा प्रत्याशी डॉ.रोहिताश शर्मा को माला और साफा पहनाकर जनसमर्थन दिया। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# गोठी स्कूल के जूडो खिलाड़ी सीबीएसई प्रतियोगिता में भी चैंपियन

सितारा न्यूज नेटवर्क




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 19 खिलाड़ियों ने गंगानगर में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमे से 4 खिलाड़ियों ने नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। जो अब 21 नवंबर को नोएडा यूपी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसमे लक्षिता मंग्रोला ने गोल्ड मानवी तिवारी, कनिष्का यादव और धीरज कुमार ने सिल्वर मैडल जीतकर चैंपियनशिप भी अपने नाम की। इसी क्रम में अनिका चौहान, निखिल कुरडिया, सोनाक्षी तिवारी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया विद्यालय नियंत्रक ललित कुमार लोढ़ा, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, उप प्राचार्य सुनीता चौधरी ने सभी खिलाड़ियों, कोच गोतम चौहान और टीम मैनेजर कनकलता का विद्यालय में भव्य स्वागत कर विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेल में विद्यालय और ब्यावर जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा, नियंत्रक ललित कुमार लोढ़ा, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, उप प्राचार्या सुनीता चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन करने के लिए उत्साहवर्धन किया।



## खाद्य सुरक्षा टीम ने विजयनगर क्षेत्र का सघन किया दौरा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल।** चिकित्सा एव स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह एवम् आयुक्त खाद्य सुरक्षा एव ड्रग कंट्रोल राजस्थान शिव प्रसाद नकाते द्वारा मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिए गए निदेर्शानुसार दिवाली एवम् शादियों के सीजन पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सीएमएचओ डॉक्टर .ए.के.पिंगोलिया के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीम ने विजयनगर क्षेत्र का सघन दौरा किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी एवम् केसरी नंदन शर्मा ने बताया कि लगभग एक दर्जन मिठाई विक्रेताओं को मिठाइयों की ट्रे पर निर्माण एवम् उपयोग दिनांक अंकित करने, अच्छी क्वालिटी की सामग्री उपयोग में लेने एवं सफाई व्यवस्था सुधारने हेतु पाबंद किया गया मैसर्स कंचन मिष्ठान भंडार 27 मील चौराहा से कचोरी, मैसर्स सिद्धार्थ किराना स्टोर, बापू बाजार से काजू और महावीर ट्रेडर्स से हल्दी पाउडर के नमूने लिए गए। बापू बाजार की अन्य किराना दुकानों के भी निरीक्षण किए गए दिवाली के त्यौहार के मध्यनजर टीम की विजिट निरंतर जारी रहेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, केसरीनंदन शर्मा एवम डेयरी प्रतिनिधि दीपक वैष्णव शामिल रहे।



***विधानसभा आम चुनाव : 2023***

## रहेगी चौकस नजर : व्यय पर्यवेक्षक ने एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण

### मीडिया प्रभारी की मौजूदगी में अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक सुनील कुमार अग्रवाल ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। इस दौरान मीडिया प्रभारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा ने एमसीएमसी कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। वहीं, सह प्रभारी, मीडिया प्रकोष्ठ मान सिंह मीणा ने बताया कि एमसीएमसी कंट्रोल रूम में 24 घंटे राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय न्यूज चैनल्स एवं एफएम चैनल्स की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली पेड न्यूज एवं फेक न्यूज पर भी पूरी नजर रखी जा रही है। इससे पहले व्यय पर्यवेक्षक सुनील कुमार अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्रकोष्ठ, एमसीसी कंट्रोल रूम एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को सभी नियंत्रण कक्षों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस दौरान सोशल मीडिया प्रभारी ऋतेश कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक सी-विजिल एप पर 01 हजार 614 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इस दौरान निर्वाचन आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ प्रभारी रामवतार गुर्जर, चुनाव व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के सह प्रभारी शेर सिंह लुहाड़िया सहित जनसंपर्क सेवा के अधिकारी मौजूद रहे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने की जिले में दो संगठनात्मक नियुक्ति

***शर्मा रामगढ़ शेखावाटी शहर मंडल व ख्यालिया खूड़ी मंडल के संयोजक नियुक्त***

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** भाजपा की बुधवार को जिले में दो संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने फतेहपुर विधानसभा के रामगढ़ शेखावाटी के शहर मंडल संयोजक के पद पर जयप्रकाश शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा को व लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के खूड़ी मंडल के संयोजक पद पर अमृत ख्यालिया नरोदड़ा को नियुक्त किया है। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि दोनों नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और दोनों पदाधिकारी पार्टी के कार्यों में सहयोग करेंगे।

# भारतीय किसान यूनियन (अन्नदाता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा ने कोटा जिला कार्यालय का किया उद्घाटन

सितारा न्यूज नेटवर्क




**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** भारतीय किसान यूनियन (अन्नदाता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा के द्वारा राजस्थान मे जिला कोटा कार्यालय का उद्घाटन किया गया ।इस दौरान संगठन मे राष्ट्रीय अध्यक्ष मीना द्वारा पदाधिकारियो को नियुक्ति भी दी गई जिनमे राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई प्रान्तो के पदाधिकारियो को संगठन में जोड़ा गया तथा सभी को नियुक्ति पत्र भी देकर सम्मानित किया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मीना ने इस दौरान सम्बोधित कर बताया कि हम सब का उद्देश्य है कि किसानों पर हो रहे अत्याचार व शोषण को रोकना है और किसान भाईयो के साथ अन्याय होगा तो भारतीय किसान यूनियन (अन्नदाता) संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। किसान संगठन में बाहर से आए पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया व इस दौरान इस प्रोग्राम में पहुंचे मौजूद पदाधिकारियो मे मुख्य अतिथि महेश मीणा राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान सेवक मनोहर लाल शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी प्रान्तीय कुमार दास, राष्ट्रीय मंत्री भूपेंद्र ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश नागोरिया, मध्य प्रदेश मंत्री पार्वती ठाकुर, जिला अध्यक्ष भोपाल ममता, नगर अध्यक्ष भोपाल असमुद्दीन, उत्तर प्रदेश कार्यालय जिला अध्यक्ष गाजियाबाद के सभी पदाधिकारियो ने राजस्थान प्रदेश के सभी पदाधिकारियो को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं दी गई है और प्रोग्राम भी बहुत अच्छा रहा। इस दौरान "जय जवान- जय किसान" के नारे लगाए गए। मिडिया को यह सारी जानकारी महेश मीणा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दी गई ।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# हवा में जहर घुलने से रोकना हर देशवासी की जिम्मेदारी

दिवाली से 11 दिन पहले ही हवा में जहर घुल चुका है। लगभग पूरा उतर भारत वायु प्रदूषण के शिकंजे में जकड़ा हुआ है। हवा में जहर इस कदर बढ़ चुका है कि सांस लेना मुश्किल हो गया है। देश के राजधानी क्षेत्र में तो वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में है। दिल्ली हो या नोएडा, जींद हो या रेवाड़ी एक्यूआई 400 के ऊपर जा चुका है। अभी से सांस संबंधी परेशानियों को लेकर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। 'सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक इसमें कोई सुधार की उम्मीद भी नहीं है। केंद्र सरकार के डिसिजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने पराली जलाए जाने को इसके पीछे सबसे बड़ा कारण बताया है। चिंता का विषय तो यह है कि हर साल हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी। कई स्थानों पर तो यह भी देखने में आया कि कुछ किसानों ने खुद पराली जलाकर इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। ये किसान सरकार से सीधे टकराव के मूड में थे। हवा में घुले इस जहर का कारण केवल पराली ही नहीं, बल्कि विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों, वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को मजबूर हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए देश में कई कानून लागू हैं, लेकिन इनका मखौल उड़ता सरेआम देखा जा सकता है। ऐसा लगता है कि केवल इन्हीं दिनों को छोड़ दिया जाए तो कोई वायु प्रदूषण पर चर्चा करने को ही तैयार नहीं होता। हमारी मानसिकता बन गई है कि हम प्यास लगने पर ही कुआं खोदते हैं और पानी पीने के बाद उसे फिर भूल जाते हैं। हालात ये हैं कि देश में वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब सात लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुआं, कचरा और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक वातावरण में बढ़ रहा वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी समस्यादायक स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे रेसपिरेटरी, न्यूरोबिहेवियरल, कार्डियोवस्कुलर तथा इम्यून सिस्टम से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। बहुचर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें में बताया गया है कि वायु प्रदूषण न केवल फेफड़ों को बल्कि स्वास्थ्य को तमाम अन्य तरीकों से भी प्रभावित करता है। हवा की खराब गुणवत्ता के कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, और बैक्टीरियल संक्रमण के खतरे बढ़ सकते हैं। वायु की खराब गुणवत्ता व्यक्ति में ऑटिज्म, तनाव और स्ट्रोक जैसे तमाम न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर सहित अन्य बीमारियों को भी बढ़ावा देती है। वायु प्रदूषण के कारण हवा में कई प्रकार की हानिकारक गैसें सम्मिलित हो जाती हैं, जिनसे सिरदर्द, खांसी, जुकाम और एलर्जी जैसी आम समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। देश के करीब 84 फीसदी लोग ऐसे स्थानों पर रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर तय मानकों से कहीं अधिक है और भारत की एक चौथाई आबादी बेहद प्रदूषित वायु में जीने को मजबूर है। इतना सब होने के बाद भी हम जाग नहीं रहे। कुछ दिनों तक शोर करने के बाद फिर उसी ढर्रे पर चल पड़ते हैं। सरकार का काम कानून बनाना है, लेकिन धैर्य के साथ अपनाना हर देशवासी का दायित्व है। जब तक हम खुद सचेत नहीं होंगे, अपने आसपास पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में योगदान नहीं देंगे। तब तक इसी तरह जहरीली हवा में सांस लेते रहेंगे।

## सारा संसार



वायनाड केरल के बारह जिलों में से एक है, जो कन्नूर और कोझिकोड जिलों के मध्य स्थित है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण यह एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। पश्चिमी घाट के हरे भरे पर्वतों के बीच स्थित वायनाड का प्राकृतिक सौंदर्य आज भी अपने प्राचीन रूप में है।

## मुद्दा



डॉ. रमेश ठाकुर

# ई-कंपनियों का मकड़जाल

मौसम त्योहारी है, जिसमें विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी करना स्वाभाविक है। ऐसे में ग्राहक घर बैठे ही सस्ता माल खरीदे, इसको लेकर 'ई-कंपनियों' ने जाल बिछाया हुआ। कंपनियां तरह-तरह के प्रोडक्ट्स में आर्फर देकर ग्राहकों को ललचा रही हैं, लेकिन यहां ग्राहकों को थोड़ा सावधान और सतर्क होना होगा। आजकल ऑनलाइन खरीदारी का मतलब ठगी भी हो गया है। समूचे भारत में इस वक्त ऑनलाइन ठगी का मुद्दा गर्माया हुआ है। ई-भुगतान के जरिये हमारा डाटा आसानी से चोरी हो रहा है। इंटरनेट से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियां सस्ते और लुभावने लालच देकर धीरे-धीरे हमारे पारंपरिक बाजारों को कब्जाने की फिराक में हैं। करीब आधे से ज्यादा बाजार पर इन्होंने कब्जा कर भी लिया है। इंटरनेट की आड़ लेकर वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने-बेचने में ई-कॉमर्स कंपनियों ने भारतीय उपभोक्ताओं पर ऐसी छाप छोड़ी हैं, जिससे ग्राहक उनकी ओर खिंच रहे हैं, पर अब ग्राहक सस्ते दामों का गणित समझने लगे हैं। हिंदुस्तान में मौजूदा मौसम त्योहारों का है, इसलिए ये कंपनियां खूब एक्टिव हैं। कंपनियां ग्राहकों को दो तरीकों से ठगती हैं। एक तो सस्ता ऑफर देकर रदी माल देती हैं, वहीं दूसरा ग्राहकों से पैसे डिजिटल तरीके से लेती हैं जिससे कंपनियां उनकी निजता पर भी चुपके से प्रहार करती हैं। इससे ग्राहकों का डाटा आसानी से चोरी हो जाता है। कई बार तो ऐसा भी प्रतीत होता है कि ई-कॉमर्स कंपनियों और साइबर ठगों के बीच डाटा चोरी को लेकर सांठगांठ है। बहरहाल, ई-कॉमर्स कंपनियां ने अब और विस्तार कर लिया है। सिर्फ बेचने-खरीदने तक ही सीमित नहीं रहीं। ई-बैंकिंग, ई-शॉपिंग व ई-बिजनेस इत्यादि क्षेत्रों पर भी ई-कॉमर्स कंपनियों ने कब्जा कर लिया है। दुखद पहलू ये है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र में अब धीरे-धीरे वृद्धि के साथ, ई-कॉमर्स कंपनियों में धोखाधड़ी का खतरा तेजी से बढ़ा है। समय की दरकार है कि इन कंपनियां पर अंकुश लगना चाहिए, वरना इनकी मनमानी और बढ़ेगी। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें बिना देर किए ऑनलाइन संगठन के धोखेबाजों पर चाबुक चलाएं। उनकी दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को रोकने के लिए मजबूत समाधान और रणनीति बनाने की दरकार है। सरकारी और सामाजिक सतर्कता और सक्रियता नहीं हुई तो इनका खेल बदस्तूर जारी रहेगा। फिलहाल केंद्र सरकार ने डार्क पैटर्न अपनाने वाली ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए एक गाइडलाइन जारी की है जिससे इन पर नकेल कसी जाएगी। डार्क पैटर्न का मतलब होता है 'अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस' यानी इंटरनेट पर डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करके गलत तरीकों से ग्राहकों को प्रभावित करना और ऐसा करने पर 10 लाख के जुर्माने का प्रावधान? सरकार ने ये जिम्मेदारी उपभोक्ता मंत्रालय के सचिव रोहित सिंह को सौंपी है। बहरहाल, ग्राहकों को इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। खुद से जांचना-परखना होगा। वरना, सस्ते लालच के चलते लेने के देन पड़ सकते हैं। ई-कॉमर्स कंपनियां कितना भी विस्तार क्यों न करें, पारपंरिक बाजारों की विश्वसनीयता धूमिल नहीं कर पाएंगी। एक बड़ा वर्ग आज भी बाजारों से खरीदारी करना पसंद करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



कतर मामला
डॉ. एन.के. सोमानी

# कूटनीतिक कौशल से निकालें हल

कतर-भारत संबंधों का सवाल है तो वर्ष 1973 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरूआत हुई। दोहा में भारत का दूतावास है, जबकि कतर का नई दिल्ली में दुतावास और मुंबई में वाणिज्य दूतावास है। मार्च 2015 में कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी भारत यात्रा पर आए थे। इसके बाद जून 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कतर गए थे। राजनयिक दृष्टि से दोनों देशों के संबंध हमेशा से मधुर रहे हैं, ऐसा भी नहीं है। जाकिर नायिक व नूपुर शर्मा के मामले में दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट घूलती हुई दिखाई दी थी। इन हालात में भारत को कानूनी दाव पेंच से अधिक कूटनीतिक कौशल से समाधान का मार्ग तलाशना चाहिए।

अरब देश कतर द्वारा भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को सजा-ए-मौत के फैसले से पूरा देश स्तब्ध है। सभी सैन्य अधिकारी कतर की राजधानी दोहा में ग्लोबल टेक्नालॉजी एंड कंसल्टेंसी नाम की निजी कंपनी में काम करते थे। यह कंपनी कतर की सेना को ट्रेनिग और टेक्निकल कंसल्टेंसी सर्विस प्रोवाइड कराती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वॉड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं। कतर की इंटेलिजेंस के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरों ने इनको 30 अगस्त, 2022 को गिरफ्तार किया था। कतर का आरोप है कि भारत के पूर्व सैन्य अधिकारी कतर के हाइटेक सबमरीन प्रोगाम की गोपनीय जानकारी इजराइल को दे रहे थे। इस मामले में कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया था जिसे बाद में रिहा कर दिया गया।

दोहा में भारतीय दूतावास को करीब एक माह बाद सिंतबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया। इसी साल मार्च में लीगल एक्शन शुरू हुआ। गिरफ्तार अधिकारियों ने कई बार जमानत याचिकाएं लगाई, लेकिन जमानत नहीं मिली। अब पिछले गुरुवार को अचानक इनको दोषी मानते हुए मृत्यु दंड की सजा का ऐलान कर दिया गया ।

भारतीय दूतावास के अधिकारियों के संपर्क के बाद जिस तरह से इन अधिकारियों को काउंसलर एक्सेस (परिजनों से बात करने की सुविधा) प्रदान की तो ऐसा लग रहा था कि कतर इस मामले में नरम रुख अपना रहा है, लेकिन अब यकायक मौत की सजा का ऐलान कर भारत को सकते में डाल दिया। कतर सरकार ने आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। न ही परिवारजनों को आरोपों की कोई औपचारिक जानकारी दी गई है। ऐसे में कतर की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। कतर का दावा है कि उसके पास पर्याप्त सबूत हैं, जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिये प्राप्त किया गया है। इन हालात में सवाल यह है कि अगर कतर के पास गिरफ्तार भारतीय अधिकारियों के खिलाफ कोई सबूत है, तो वह उसे भारत सरकार के साथ साझा क्यों नहीं कर रहा है। अगर वास्तव में कतर सरकार के पास कोई सबूत है, तो वह इन सबूतों को विश्व समुदाय के सामने रखकर अपने खिलाफ बन रहे परसेप्शन को क्यों नहीं रोक रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं कि हमास पर भारत के रुख से क्षुब्ध होकर कतर ने यह फैसला लिया हो। कहा तो यह भी जा रहा है कि भारत के पूर्व नौसैनिक अधिकारियों की फांसी का ऐलान कर कतर भारत के साथ सौदे-बाजी के मनसूबे पाल रहा है। कतर की ओर से पूरे मामले में जिस तरह से भारत सरकार को अंधेरे में रखकर हीलाहवाली की गई उससे भी सजा के फैसले पर सवाल खड़े हो रहे है।

हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसे फैसले के विस्तृत ब्योरे का इंतजार हैं और वह सभी कानूनी रास्ते तलाश रहा है। विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे को कतर के अधिकारियों के सामने उठाने व गिरफ्तार अधिकारियों को काउंसलर एक्सेस मिलते रहने की बात भी कही है, लेकिन अहम सवाल यह है कि भारत इस मामले में क्या कर सकता है। हालांकि, गिरफ्तार



अधिकारियों को छुड़ाने के लिए भारत के पास अभी बहुत सारे कानूनी और कूटनीतिक विकल्प हैं, लेकिन सवाल यही है कि भारत कतर पर दबाव बना पाने में कितना सफल होता है।

कतर सरकार ने चाहे भारत के पूर्व सैन्य अधिकारियों के लिए मृत्यु दंड की सजा का ऐलान कर दिया हो, लेकिन सजा को लागू करना उसके लिए आसान नहीं है। भारत के पास कई विकल्प हैं। प्रथम, निचली अदालत के फैसले को भारत के राजनयिकों द्वारा वहां की ऊपरी अदालत मे चुनौती दी जा सकती है। राष्ट्रद्रोह के कई मामलों में कतर की सर्वोच अदालत ने मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदला है। साल 2014 में फिलिपींस के एक नागरिक को भी इसी तरह से मौत की सजा सुनाई गई थी। फिलिपींस सरकार द्वारा कतर की सर्वोच्च अदालत में अपील किए जाने पर अदालत ने मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। द्वितीय, कतर की अदालत के इस फैसले को भारत इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) में चैलेंज कर सकता है। कुलभुषण जाधव के मामले में भी भारत ने पाकिस्तान की अदालत के निर्णय के विरुद्ध आईसीजे में गुहार लगाई थी। कोर्ट ने जाधव की सजा पर रोक लगा दी थी। तृतीय, व्यापार संबंधों के जरिये भी भारत कतर को झुकने के लिए मजबूर कर सकता है। 2021-22 में दोनों देशों के बीच 15.03 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। भारत को स्पेशल करोबारी दोस्त के तौर पर ट्रीट करने वाला कतर भारत को 13.19 बिलियन डॉलर का निर्यात करता है, जबकि कतर भारत से महज 1.83 बिलियन डॉलर का आयात करता है। कारोबारी पलड़ा कतर के पक्ष में झुका हुआ है।

इसके अलावा भारत अपनी कुल आवश्यकता की 90 फीसदी गैस कतर से आयात करता है। दूसरी ओर खाद्य आपूर्ति के मामले में कतर काफी हद तक भारत पर निर्भर करता है। लिहाज भारत कतर पर दबाव बना सकता है। चर्तुथ, पूरे मामले को भारत कूटनीति के जरिये भी हल कर सकता है। कतर के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं। साल 2017 में जब गल्फ कॉरपोरेशन काउंसिल ने कतर पर आतंकवाद के समर्थन का आरोप लगाकर काउंसिल से बाहर कर दिया था, उस वक्त भारत ने बिना किसी शर्त कतर को अनाज भेजा था। मिडिल ईस्ट के कई देशों से भारत के संबंध अच्छे हैं। भारत इनके जरिये भी कतर पर दबाव बना सकता है। पंचम, कतर की कुल 25 लाख की आबादी में से 6.5 लाख भारतीय है। 6000 से ज्यादा छोटी-बड़ी भारतीय कंपनियां कतर में कारोबार कर रही हैं। कतर के विकास और उसकी इकॉनमी में भारतीयों का बड़ी भूमिका है। ऐसे में भारत कतर के साथ रिश्तों का उपयोग कर सकता है। व्यक्तिगत तौर पर कतर के अमीर के साथ हमारे प्रधानमंत्री के अच्छे संबंध हैं। जरूरत पड़ने पर प्रधानमंत्री भी इस मामले में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

जहां तक कतर-भारत संबंधों का सवाल है तो वर्ष 1973 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरूआत हुई। दोहा में भारत का दूतावास है, जबकि कतर का नई दिल्ली में दुतावास और मुंबई में वाणिज्य दूतावास है। मार्च 2015 में कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी भारत यात्रा पर आए थे। इसके बाद जून 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कतर गए थे। राजनयिक दृष्टि से दोनों देशों के संबंध हमेशा से मधुर रहे हैं, ऐसा भी नहीं है। जाकिर नायिक व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के मामले में दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट घूलती हुई दिखाई दी थी। कुल मिलाकर कतर के साथ हमारे रिश्ते अच्छे ही हैं। इन हालात में भारत को कानूनी दाव पेंच से अधिक कूटनीतिक कौशल से समाधान का मार्ग तलाशना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अच्छे व्यवहार का रहस्य



संकलित
दर्शन

एक बार की बात है संत तुकाराम अपने आश्रम में बैठे हुए थे। तभी उनका एक शिष्य, जो स्वभाव से थोड़ा क्रोधी था। उनके समक्ष आया और बोला, गुरुजी, आप अपने अच्छे व्यवहार का रहस्य बताइए। संत बोले, मुझे अपने रहस्य के बारे में तो नहीं पता, पर मैं तुम्हारा रहस्य जानता हूं। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा। तुम अगले एक हफ्ते में मरने वाले हो, संत तुकाराम दुखी होते हुए बोले। शिष्य उदास हो गया और गुरु का आशीर्वाद ले वहां से चला गया। उस समय से शिष्य का स्वभाव बिलकुल बदल सा गया। वह हर किसी से प्रेम से मिलता और कभी किसी पर क्रोध न करता, अपना ज्यादातर समय ध्यान और पूजा में लगाता। संत की भविष्यवाणी को एक हफ्ते पूरे होने को आए। शिष्य ने सोचा चलो एक आखिरी बार गुरु के दर्शन कर आशीर्वाद ले लेते हैं। वह उनके समक्ष पहुंचा और बोला, गुरुजी, मेरा समय पूरा होने वाला है, कृपया मुझे आशीर्वाद दीजिए। संत ने पूछा, ये बताओ कि पिछले सात दिन कैसे बीते? क्या तुम पहले की तरह ही लोगों से नाराज हुए, उन्हें अपशब्द कहे। शिष्य ने कहा मैं इसे बेकार की बातों में कैसे गंवा सकता था? मैं तो सबसे प्रेम से मिला और जिन लोगों का कभी दिल दुखाया था उनसे क्षमा भी मांगी। संत तुकाराम मुसकुराए और बोले, बस यही तो मेरे अच्छे व्यवहार का रहस्य है। मैं जानता हूं कि मैं कभी भी मर सकता हू, इसलिए मैं हर किसी से प्रेमपूर्ण व्यवहार करता हूं, और यही मेरे अच्छे व्यवहार का रहस्य है।

## दया का फल



संकलित
प्रेरणा

सुबुक्तगीन गजनी के बादशाह अलप्तगीन की सेना में एक साधारण सैनिक था। एक बार सुबुक्तगीन जंगल में शिकार करने गया। वहां उसे एक हिरणी अपने बच्चे के साथ दिखाई पड़ी। सुबुक्तगीन ने उस हिरणी का शिकार करने के लिए उसका पीछा किया। वह काफी देर उसके पीछे भागता रहा लेकिन हिरणी इतनी तेज थी कि उसके हाथ न आई। सुबुक्तगीन ने हिरणी के बच्चे को ही पकड़ कर उसके पैर बाँध कर घोड़े पर लाद दिया। उसके बाद उसने हिरणी की तलाश शुरू कर दी। काफी देर बाद जब हिरनी नहीं मिली तो सुबुक्तगीन अपने घोड़े पर बैठ कर वापस लौटने लगा। जब हिरणी ने देखा कि उसके बच्चे को कोई ले जा रहा है तो वह झाड़ियों से निकली और उसके पीछे चल दी। काफी दूर जाने के बाद सुबुक्तगीन ने जब पीछे मुड़ कर देखा तो वही हिरनी उसके पीछे-पीछे दौड़ रही थी। यह देखकर उसका दिल दया से भर गया। उसने उसी समय हिरणी के बच्चे को आजाद कर दिया। यह देख सुबुक्तगीन को ख़ुशी का एहसास हुआ। उस दिन रात उसने एक ख्वाब देखा। ख्वाब ने एक देवदूत ने उससे कहा, आज तुमने एक हिरणी को उसका बच्चा वापस कर जो दया दिखाई है, उसके फलस्वरूप तुम्हें बादशाहत मिलेगी। भविष्य में सुबुक्तगीन का यह स्वप्न सच भी हुआ। अलप्तगीन जिसने उसे ख़रीदा था। उसकी प्रतिभा को देख कर उससे अपनी पुत्री का विवाह करवा दिया। अलप्तगीन की मृत्यु के बाद सुबुक्तगीन गजनी की गद्दी पर बैठा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश को विकसित बनाने का संकल्प

मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया। गुजरात के केवडिया स्थित वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को सेल्यूट किया। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर राष्ट्रीय एकता दिवस का समन्वय राष्ट्रीय उत्थान की त्रिशक्ति नर्मदा तट पर झलकने की अनूठी परंपरा को याद किया। इसका गर्व अनुभव करते हुए राष्ट्र को आगामी 25 साल में विकसित बनाने का संकल्प लिया। दुनिया की नजर भारत पर है। दुनिया भारत की सराहना कर रही है। भारत पर दुनिया को भरोसा है। मोदी ने वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि पटेल जहां भी होंगे मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे। *–कांतिलाल मांडोत सूरत*

## करंट अफेयर

# यूक्रेन के नागरिकों को सहायता की जरूरत

संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि रूसी हमलों के कारण यूक्रेन के लोग अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे हैं और 40 फीसदी से अधिक नागरिक को मानवीय सहायता की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार कार्यालय में समन्वय निदेशक रमेश राजसिंघम ने बताया कि फरवरी 2022 से रूस की ओर से घरों, स्कूलों, खेतों और बाजारों पर किये जा रहे हमलों में हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने औपचारिक रूप 9,900 नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि की है, लेकिन उन्होंने कहा, वास्तविक संख्या निश्चित रूप से अधिक हो सकती है। राजसिंघम ने कहा कि यूक्रेनी नागरिक रूसी हमलों के कारण अकल्पनीय पीड़ा झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के 1.80 करोड़ नागरिकों (आबादी के 40 फीसदी से अधिक) को किसी न किसी रूप में मानवीय सहायता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे सर्दी का मौसम आएगा तो जरूरतें बढ़ जाएंगी।



राजसिंघम ने बताया कि हमलों में बुनियादी ढांचों को हुई क्षति के कारण लोग बिजली, पानी, संचार जैसी सुविधाओं से वंचित हो गए हैं।

## ऑफ बीट

# इस देश में दूल्हे को देनी पड़ती है बुजुर्गों को भेंट

इस देश में लड़के रीति रिवाजों से इतना परेशान हो चुके हैं कि शादी करने से भी डरने लगे हैं। ताजा घटना चीन के एक गांव में हुई। यहां दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को लेने जा रहा था। तभी कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी को रोककर उसे चारों ओर से घेर लिया। लड़का इससे काफी घबरा गया। उसे समझ नहीं आ रहा था कि लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं। इसके बाद लोगों ने उससे पैसे और सिगरेट मांगना शुरू कर दिया। मामला चीन के जियांगसु प्रांत के ताइझोउ गांव का है। ये सब एक रीति रिवाज का हिस्सा है। लड़के के घर वालों को ऐसे बुजुर्गों की मांग माननी पड़ती हैं। इन्हें गांव के बुजुर्गों को चीनी, सिगरेट या फिर पैसों से भरे लाल रंग के लिफाफे देने होते हैं। अगर दूल्हा गांव के लोगों को खुश नहीं कर पाता तो उसे दुल्हन से मिलने में उतनी ही देरी होती है, कई बार तो लोग उसके रास्ते से ही नहीं हटते। दूल्हे के रास्ते को रोकने वाली इस प्रथा को मंदारिन में लान मेन कहा जाता है। इसका मतलब 'दरवाजा बंद करना' होता है। इसके अलावा दुल्हन के रिश्तेदार और परिवार वाले भी दूल्हे को इसी तरह के टास्क देते हैं। दूल्हे को पहेलियां सुलझाने, कविताएं कहने, गाने या नाचने के लिए कहा जाता है।



## ट्रेंड

### उपलब्धि पर बधाई



कोझिकोड की समृद्ध साहित्यिक विरासत और ग्वालियर की सुरीली विरासत अब प्रतिष्ठित यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल होने से भारत की सांस्कृतिक जीवंतता वैश्विक मंच पर चमक रही है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कोझिकोड और ग्वालियर के लोगों को बधाई।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हमास की भयावहता



सात अक्टूबर को हमास द्वारा की गई भयावहता हमें याद दिलाती है कि जब तक हम, सभ्य दुनिया, बर्बर लोगों से लड़ने के लिए तैयार नहीं होंगे, हम बेहतर भविष्य के वादे को साकार नहीं कर पाएंगे।
-बेंजामिन नेतन्याहू, इजराइली पीएम

### सफाईकर्मियों को बधाई



दिल्ली नगर निगम में 5000 सफाईकर्मियों को पक्का करने का प्रस्ताव आप ने पास करा दिया है। हमने जो वादा किया था वो पूरा किया। दीपावली पर मिले इस शानदार तोहफे के लिए सफ़ाईकर्मियों एवं उनके परिजनों को बहुत-बहुत बधाई।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### हमें मानवाधिकार सिखाते



तो अब इजराइल हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण देकर गाजा के असहाय नागरिकों पर अपनी अंधाधुंध बमबारी को सही ठहरा रहा है और तथाकथित सभ्य दुनिया सुन रही है। ये वही लोग हैं जो हमें मानवाधिकार सिखाते हैं।
- जावेद अख्तर, गीतकार




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

विधानसभा आम चुनाव- 2023

### दो दिन में जयपुर की 9 विधानसभा क्षेत्रों में 11 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

#### बुधवार को 5 उम्मीदवारों ने किये नामांकन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जयपुर जिले की कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन का दौर शुरू हो गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि बुधवार को जिले के 5 विधानसभा क्षेत्रों में 5 प्रत्याशियों ने कुल 7 नामांकन पत्र जमा करवाए। उन्होंने बताया कि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र (55) में निर्दलीय प्रत्याशी बबीता वाधवानी, बस्सी विधानसभा क्षेत्र (57) में निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती अंजु देवी धानका ने नामांकन पत्र जमा करवाए, तो वहीं झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र (46) में निर्दलीय प्रत्याशी प्रवीण कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र (50) में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी दीया कुमारी दो नामांकन पत्र जमा करवाए। तो वहीं, आमेर विधानसभा क्षेत्र (47) में कालुराम बावरिया ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी एवं निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर दो नामांकन पत्र जमा करवाए। उल्लेखनीय है कि अभी तक जिले की 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 11 प्रत्याशियों ने 14 नामांकन किये हैं।

### ट्रांसपोर्ट का बिजनेस करने के नाम पर ठगी:बुजुर्ग को बनाया शिकार, पैसे मांगने कर मुकदमे में फसाने की दी धमकी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के बासनी थाने में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के नाम के पर 6 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज हुआ। आरोप है की मां बेटे ने मिलकर एक बुजुर्ग के साथ ठगी कर डाली। पैसे आपस मांगने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। बासनी थाने में दी रिपोर्ट में संगम नगर निवासी प्रताप सिंह चौधरी (70) ने बताया उनके ट्रांसपोर्ट का व्यापार है। नीलम खन्ना और उसके पुत्र प्रशांत खन्ना से साल 2007 में मिला था। नीलम खन्ना अपने बेटे के साथ उनके बासनी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ऑफिस आई और अपने साथ काम करने का झांसा दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली एनसीआर में काम करने के कई फायदे हैं जिससे हम दो गुना पैसा कमा कर देंगे। आरोप लगाया कि उनके बहकावे में आकर उनके साथ ट्रांसपोर्ट का बिजनेस शुरू कर दिया। मैं अपने ट्रांसपोर्ट व्हीकल ट्रक समय-समय पर उनके कहे अनुसार भेजता रहा। यह व्यवसाय 4 नवंबर 2007 से 10 अगस्त 2016 तक हमारे बीच चलता रहा। जब मैं अपने हक की राशि की मांग की तो उन्होंने राशि देने से मना कर दिया और कहा कि हम पहले भी दो कंपनियों के अध्यक्ष पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का झूठा मामला दर्ज करवा चुके हैं और यदि आप भी पैसे मांगोगे तो ऐसे ही मुकदमा दर्ज करवा देंगे। दो शिकायत की प्रति भी सौंपकर डराया। कई दिनों तक परेशान रहने के बाद बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर मां बेटे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया पुलिस अब जांच में जुटी है।

### 19 घंटे तक नहीं होंगे बाबा खाटू के दर्शन: 7 नवंबर रात 10 बजे से दीपावली की साफ-सफाई के चलते बंद रहेंगे कपाट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** सीकर का प्रसिद्ध खाटूश्याम मंदिर दीपावली की साफ-सफाई के चलते सात नवंबर रात 10 बजे से आठ नवंबर शाम 5:30 बजे तक बंद रहेगा। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने इसकी सूचना जारी कर दी है। श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व की विशेष सफाई व्यवस्थाओं को लेकर श्याम मंदिर मंदिर के कपाट 7 नवंबर रात 10 बजे से 8 नवंबर शाम 5:30 तक बंद रहेंगे। इस दौरान श्रद्धालु श्याम बाबा के दर्शन नहीं कर सकेंगे। शाम 5:30 के बाद दर्शन शुरू हो जाएंगे। मंत्री ने बताया कि 14 नवंबर को खाटू श्याम मंदिर में अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा की जाएगी।



### स्कूटी से मिले 15 लाख:प्रॉपर्टी डीलर और उसकी पत्नी से इनकम टैक्स टीम कर रही पूछताछ

सितारा न्यूज नेटवर्क

**अजमेर।** विधानसभा चुनाव को लेकर की जा रही नाकेबंदी के दौरान सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक स्कूटी सवार प्रॉपर्टी डीलर और उसकी पत्नी को पकड़ा है। उनसे 15 लाख रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सूचना दे दी है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पति-पत्नी से पूछताछ कर रही है।



सिविल लाइन थाने के सब इंस्पेक्टर रामनिवास मीणा ने बताया कि अजमेर एसपी चूनाराम जाट के निर्देश पर थाने के सामने नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी पर जा रहे पति-पत्नी को रुकवाया गया। स्कूटी की तलाशी ली तो डिक्की के अंदर पड़े बैग से 15 लाख रुपए बरामद हुए। दोनों से पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि इसके बाद टीम पंचशील निवासी भरत गिद्वानी और उसकी पत्नी मीनल गिद्वानी को डिटेन कर थाने ले गई। उनसे बरामद 15 लाख रुपए जब्त कर लिया। मामले की सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दी गई। सूचना मिलते ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम थाने पहुंची। पति-पत्नी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि प्रॉपर्टी डीलर के द्वारा अपनी प्रॉपर्टी को बेचा गया था। बेची गई प्रॉपर्टी का पैसा लेकर वह अपनी पत्नी के साथ घर जा रहा था। इसी बीच सिविल लाइन थाना पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। हालांकि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट इसे लेकर पूछताछ में जुटा है।

---

*उम्र तुझे मेरी भी लग जाये, काश तेरी सांसे मुझमें बस जाये....*

# अपने 'चांद' का दीदार कर महिलाओं ने खोला व्रत

### *जिलेभर में पति की दीघार्यु, अखंड सुहाग और सौभाग्य प्राप्ति की कामना को लेकर मनाया करवा चौथ पर्व*

सितारा न्यूज नेटवर्क





**सीकर।** अखंड सुहाग और सौभाग्य प्राप्ति की कामना को लेकर बुधवार को करवा चौथ पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन महिलाएं दिनभर निराहार रही। चन्द्रोदय होने पर चन्द्रमा को अर्घ्य दिया और पूजन किया। सामुहिक रूप से करवा चौथ की कथा को सुना और व्रत किया। परम्परानुसार चांद पूजन के दौरान महिलाओं ने छलनी में दीपक रख अपने पति के चेहरे को देखा और चौथ माता से अपने अखंड सुहाग की कामना की। व्रतधारी महिलाओं ने अपने पति के हाथ से पानी पीने और मिठाई से व्रत का पारणा करने की रस्म निभाई। करवा चौथ पर महिलाओं ने सज धज कर सोलह श्रृंगार किया। मंदिरों में दर्शन करने के साथ घर-परिवार के बड़े-बुजुर्गो से आशीर्वाद प्राप्त किया। करवा चौथ पर घर-घर में उल्लास और खुशियों का माहौल रहा। घर-परिवार की महिलाओं ने सामुहिक रूप से पूजन कर व्रत किया।

#### चन्द्रमा को दिया अघ्रय, कथा सुनी

करवा चौथ पर्व पर महिलाओं ने चन्द्रोदय के दौरान घरों की छतो पर मिट्टी से बने करवे में जलपूर्ण कर चन्द्रमा को अर्घ्य दिया और विविध पूजन सामग्रियों से पूजन कर अखंड सुहाग की कामना की। महिलाओं ने भगवान गणेश, शिव, पार्वती का पूजन किया। वहीं घर, परिवार और मोहल्ले की महिलाओं के साथ करवा चौथ की कथा को सुना। परम्परा के अनुसार करवा चौथ के दिन भगवान गणेश एवं मां पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है। मिट्टी के कलश में जलपूर्ण कर उसमें तिल, चावल डालकर करवा दान किया जाता है।

#### बाजारों में रही विशेष रौनक

करवा चौथ पर शहर के विभिन्न बाजारों में विशेष रौनक रही। फल, मिठाईयां, सुहाग सामग्री, साडिया, सोना-चांदी के आभूषण, उपहार सहित दुकानों पर भीड़ रही। करवा चौथ का व्रत रखने वाली अपनी पत्नियों के लिए कई पतियों ने आभूषणों सहित साडियां, विभिन्न प्रकार के उपहार खरीदे। वहीं करवा चौथ पूजन के लिए पूजन सामग्री और मिट्टी के बर्तनों की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ रही।

#### पारम्परिक वस्त्र-आभूषणों से किया श्रृंगार

करवा चौथ पर अलसुबह महिलाएं व्रत-पूजन के लिए संकल्पबद्ध हुई। पारम्परिक वस्त्रों और आभूषणों से सज धज कर तैयार हुई। कई महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहन्दी के मांडणे रचवाएं। वहीं कई महिलाएं ब्यूटी पार्लर में सज-धज कर तैयार हुई। चन्द्रदर्शन व पूजन के दौरान सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने करवा चौथ पर पूजन किया।

---

नवजात शिशुओं को बेबी कंबल वितरण किए गए

# आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसूता वार्ड में जन्म पर किए वितरित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सांवर मल शर्मा/आसींद।** महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान आसींद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसींद के प्रसूति वार्ड में नवजात शुशुओ के जन्म पर प्रथम वस्त्र के रूप में बेबी किट तथा बेबी कंबल का वितरण कार्यक्रम आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसूता वार्ड में संपन्न हुआ। संस्था के पूरणमल चौधरी ने बताया कि मुख्य अतिथि भंवरलाल सेन तहसीलदार सानिध्य में 510 बेबी कंबल महिला प्रसूति वार्ड प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीलम भोजवानी को सुपुर्द किए गए संस्थान द्वारा बेबी किट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिए जा रहे हैं। बेबी कंबल सर्दी रितु शुरू होने के साथ ही नवंबर से 28 फरवरी तक चार माह में बेबी किट के अतिरिक्त दिए जाते हैं इस पुनीत कार्य में आर्थिक सहयोग भामाशाह बोयता राम बलाई उप प्राचार्य विद्यालय, रणवीर सिंह तंवर सहायक कृषि अधिकारी, अमरचंद जीनगर सेवानिवृत अध्यापक, एवं डॉक्टर नीलम भोजवानी स्त्री रोग विशेषज्ञ का सहयोग रहा कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान महावीर स्वामी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना की गई मुख्य अतिथि का एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भंवर लाल शर्मा का संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा माला पहनकर स्वागत किया सभी भामाशाह का मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया बेबी किट राज्य सरकार द्वारा भी सप्लाई होते हैं जो नियमित नहीं होने पर संस्थान बेबी किट वितरण को नियमित रूप से संचालन करता रहा है इस मौके पर खूबी लाल सोनी अध्यक्ष ,राजपाल सिंह पुनिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,बोयताराम बलाई उपाध्यक्ष, प्रकाशचंद चौधरी रामप्रसाद मेवाड़ा सचिव ,गौरव कांठेड़ कोषाध्यक्ष, पारसमल ओसतवाल पारसमल तांतेड़, मानसिंह रावत, जगदीश चंद्र गर्ग तथा गायनिक यूनिट का समस्त स्टाफ इस मौके पर उपस्थित रहा। सचिव रामप्रसाद मेवाड़ा द्वारा सभी का आभार ज्ञापित किया गया।

### सुहागिन महिलाओं ने मनाया करवाचौथ का पर्व



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सांवर मल शर्मा/आसींद।** उपखंड क्षेत्र आसींद सहित कस्बे में महिलाओं ने अपने परिधानों में सज धज कर सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखा चंद्र दर्शन के बाद अर्ध्याय देकर व्रत खोला गया सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा एवं सुख सौभाग्य की कामना की गई पूजा अर्चना के बाद चंद्र दर्शन के बाद महिलाओं ने व्रत खोले महिलाओं के व्रत करने से अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है।

### कोचिंग स्टूडेंट की मां से लूट के 2 आरोपी पकड़े:बेल बजाकर घर में घुसे, गर्दन पर चाकू रखकर सोने के जेवर व नकदी ले गए थे

**कोटा।** घर में घुसकर कोचिंग स्टूडेंट की मां से चाकू की नोक पर लूट करने के दो आरोपियों को कुन्हाड़ी पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। इनकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20-20 हजार का इनाम घोषित किया था। जिन्हें करणीनगर नांता इलाके से पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। कुन्हाड़ी थाना सीआई महेंद्र मीणा ने बताया कि घटना 25 अक्टूबर की है। यूपी के गोरखपुर निवासी सुमन चंद ने थाने में शिकायत दी थी। जिसमें बतय्या था कि उनका बेटा नीट की तैयारी कर रहा है। जिसके साथ मई 2023 लक्ष्मण विहार कुन्हाड़ी रहती हैं। दोपहर साढ़े 3 बजे बाद घर में अकेली थीं। अचानक किसी ने बेल बजाई। गेट खोला तो 20-22 साल के दो लड़के अचानक अंदर घुस गए। उन्होंने गर्दन पर चाकू लगाकर मेरा मुंह बंद कर दिया। एक युवक ने घर के तलाशी लेना शुरू कर दिया। उसने सोने की दो अंगूठी, चेन, कान के टॉप्स, 5 हजार नगद निकाल लिए। फिर मेरे गले से मंगलसूत्र कान के टॉप्स व नाक की लांग खींच कर निकाली। जिससे नाक कट गई। जाते वक्त कहा कि रिपोर्ट दर्ज कराई तो तुम्हारे बच्चे को मार देंगे। दोनों बदमाश करीब 15 मिनट तक रूम में रुके रहे। फिर बाहर का रूम बंद कर-के चले गए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया। घटनास्थल के आसपास व आने-जाने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए। सीसीटीवी फुटेज व हुलिए और तकनीकी साधनों के आधार पर अज्ञात स्कूटी सवार 2 युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया।

### राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की दूसरी सूची जारी,11 उम्मीदवारों के नाम हुए जारी

#### दांतारामगढ़ विधानसभा से महावीर सिंह बिजारणियां को उतारा मैदान में

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सीकर।(विनोद धायल)**राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक पार्टी की चुनाव समिति ने राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 11 उम्मीदवारों के नामों पर अपनी सहमति प्रदान की है। निवाई से प्रहलाद नारायण बैरवा ,'देवली-उनियारा से डॉ विक्रम सिंह गुर्जर ,पुष्कर से अशोक सिंह रावत,मसूदा सचिन जैन सांखला,डीग कुम्हेर इंजी. मनुदेव सिनसिनी, जमवारामगढ से डॉ. रमेश सोलंकी ,नीमकाथाना से राजेश कुमार मीणा, दूदू से एड. हनुमान प्रसाद, कोटपूतली से सतीश कुमार माण्डेय, दांतारामगढ़ से महावीर सिंह बिजारणियाँ,लक्ष्मणगढ़ से विजयपाल सिंह बगड़िया उम्मीदवार घोषित किये।

---

**मार्केट में करीब 40 से अधिक दुकाने सजधज कर तैयार**

# गोकुलपुरा-कनकपुरा में शीतकालीन तिब्बती मार्केट का उद्घाटन

सितारा न्यूज नेटवर्क





**झोटवाड़ा।** राजधानी जयपुर में गुलाबी सर्दी के आगमन के साथ ही तिब्बती शीतकालीन बाजार का शुभारंभ हो गया है। अब जयपुर के गोकुलपुरा-कनकपुरा स्थित उमराव वाटिका में अलग-अलग वैरायटी के सर्दी के कपड़े खरीद सकेंगे। मार्केट में सर्दी एवं गर्मी के सभी प्रकार के वस्त्र रियायती दरों पर उपलब्ध होंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हाथोज धाम के महंतश्री बालमुकुंदाचार्य महाराज ने वैदिक मंत्र कर के साथ बुधवार को जयपुर के कनकपुरा रेलवे स्टेशन के पास गोकुलपुरा-कनकपुरा स्थित उमराव वाटिका में लगने वाले शीतकालीन तिब्बती बाजार का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि तिब्बत से आए लोग भारत में शरणार्थी नहीं अपितु एक परिवार का अंग है। परम आदरणीय धर्मगुरु दलाई लामा शांति व सौहार्दे के प्रतीक है। गौरतलब है कि गुलाबी नगर में 1959 से तिब्बती शरणार्थी शीतकालीन तिब्बती मार्केट लग रहे हैं। इस मार्केट को लेकर जयपुरवासियों में काफी उत्सुकता रहती है। मार्केट में करीब 40 से अधिक दुकाने सजधज कर तैयार है। मार्केट 1 नवम्बर से लेकर सर्दियों के अंत तक लगाया जाएगा। इस मार्केट में सर्दियों के मौसम में लोग अब सभी वर्गों के लिए अलग-अलग वैरायटी के सर्दी के कपड़े खरीद सकेंगे। बाजार के शुभारंभ के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत बाल मुकुंदाचार्य ने कहा कि तिब्बती शरणार्थी नहीं अपितु हमारे परिवार के सदस्य है। तिब्बती शरणार्थी मार्केट यूनियन के अध्यक्ष थुनडुब ने बताया कि हमारी यूनियन जयपुर में पिछले 43 वर्ष से अपना गुजर बसर कर रही है। हम भारत में 1959 से शरण लिए हुए हैं और आज तक हमें भारतवासियों का पूर्ण दिल से भरपूर सहयोग मिला है। हम जयपुर की जनता से काफी लगा हुआ प्रेम महसूस करते हैं। हम भारत में एक स्वतंत्र नागरिक की तरह जी रहे हैं। इसके लिए हम भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर तिब्बती शरणार्थी मार्केट यूनियन के उपाध्यक्ष छुंदक, संयोजक छेवंग, कुनछोक सहित सैकड़ों तिब्बती व्यापारी उपस्थित हुए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## इंदौर-भोपाल बाजार

### दलहन भाव
चना कांटा 6300 - 6350 विशाल चना 6050 - 6150 डंकी चना 5500 - 5700 मसूर 6175 - 6200 मूंग 7000 - 8000 बोल्ड मूंग 8800 - 8900 बारिश की मूंग 9600 - 10000 उड़द बेस्ट - 9500 - 10500 एवरेज मीडियम उड़द 7500 - 8500 हल्की उड़द 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 9500 - 11700 रुपए।

### तिलहन भाव
सोयाबीन 4800 - 4900 सरसों निमाड़ी 6500 - 6600 रायडा 4900 - 5100 रुपए क्विंटल।

### दाल भाव
तुअर दाल फूल 14700 - 14800 तुअर दाल सवा नंबर 14400 - 14500 चना दाल 7300 - 7900 एक्स्ट्रा बोल्ड 8500 मसूर दाल 7650 - 7770 मूंग दाल 9700 - 9800 मूंग मोगर 10000 - 10100 उड़द दाल 13600 - 13800 उड़द मोगर 14000 - 14500 रुपए।

### चावल भाव
बासमती (1121) 10000 - 11000 बासमती (1401) 9500 - 10500 तिबार 12000 से 12100 मिनी दुबार 8100 - 8200 दुबार पोनिया 8400 - 8700 मोगरा 6400 - 6500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 8000 से 9800 कालीमूंछ डिनर किंग 9000 - 10500 राजभोग 7600 - 8000 दूबराज 4500 से 5500 परमल 3000 - 4500 हंसा सैला 2500 - 3000 पोहा किस्मनुसार 3800 - 4800 रुपए।

### किराना बाजार
शकर 4050 - 4100 रुपए क्विंटल।
सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 575 - 675 काजू टुकड़ी 525 - 550 बादाम (देसी - आयातित) 640 - 750 किशमिश कंधारी 450 - 475 बेस्ट 550 - 650 इंडियन 115 - 220 अंजीर 750 - 1050 बेस्ट 1150 - 1200 मनुक्का 500 - 650 बेस्ट 750 - 850 मखाना 450 - 900 मोटा पिस्ता 1500 - 1700 रुपए किलो।

### तेल बाजार
मूंगफली तेल इंदौर 1560 - 1580 मुबंई 1568 - 1570 गुजरात 1525 - 1550 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 900 - 902 सोया सॉल्वेंट 850 - 855 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 918 - 920 सोया डीगम (बिना टैक्स) 818 - 820 इंदौर पाम ऑइल 882 - 884 मुंबई पाम ऑइल 816 - 818 गुजरात कपास्या तेल 845 - 850 रुपए। राजकोट तेलिया मूंगफली तेल 2455 - 2460 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

### मावा
320 रुपए किलो।

## पूजा सामग्री, ज्वेलरी या कॉस्मेटिक सामग्री की जमकर हुई बिक्री

# भोपाल के बाजारों में खूब जमा करवा चौथ पर खरीदारी का रंग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

बुधवार को करवा चौथ के दिन राजधानी के सभी बाजार गुलजार है। एक दिन पहले जहां बाजार में खूब खरीदी हुई तो करवा चौथ के दिन भी बाजारों में जमकर ग्राहकी का रंग जमा। शहर में बाजारों में काफी रौनक दिखी। खासकर महिलाओं ने कपड़ों से लेकर ज्वेलरी, कॉस्मेटिक्स का सामान, गिफ्ट आइटम और करवा चौथ की पूजा से जुड़े सामान की जमकर खरीदारी की। राजधानी भोपाल में ही करीब 20 करोड़ रुपए का बिजनेस करवा चौथ ने कराया। बाजार में घी, गंगाजल, चावल, मिठाई, लाल महावर (रंग), कंघी, बिंदी, चूड़ियां, मेहंदी चुनरी, शिव-पार्वती और भगवान गणेश की फोटो, व्रत कथा की किताब, दीपक गौरी बनाने के लिए मिट्टी या गाय का गोबर, गेहूं ,पानी का लोटा, कच्चा दूध, कुमकुम, अगरबत्ती और फूल आदि की भी जमकर बिक्री हुई।



**ब्यूटी पार्लर स्पेशल छूट तो मेंहदी लगवाने के लिए एडवांस बुकिंग**

शहर के कई ब्यूटी पार्लर ने करवा चौथ पर अपने स्पेशल पैकेज के रेट पर स्पेशल छूट दिए। पार्लर में महिलाओं की खूब गहमा-गहमी रही। तो शिफान, जार्जेट अथवा नेट वर्क, ब्रासो, ब्रोकेट, क्रेप की साड़ियां की जमकर बिक्री हुई। विक्रेताओं के अनुसार बनारसी, हैदराबादी व लुधियाना की साड़ियों की बाजार में खास डिमांड थी। इसके अलावा मेंहदी लगवाने के लिए महिलाओं द्वारा एडवांस में बुकिंग करवाई , मेहंदी लगवाई।

# कॉमर्शियल सिलेंडर पर महंगाई का लगा झटका, 1840 रु. का मिलेगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

नवंबर का महीना शुरू होते ही करवाचौथ के दिन से कॅमर्शियल सिलेंडर (19 किलो ग्राम) पर महंगाई का बम फूटा। यह एलपीज सिलेंडर 100 रुपए महंगा हुआ। । पेट्रोलियम कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में एक बार फिर से तगड़ा इजाफा किया है। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम ) की कीमतों को यथावत रखा है। राजधानी भोपाल में 100 रुपए मूल्य वृद्धि के साथ अब दुकानदारों को कॅमर्शियल गैस सिलेंडर 1840 रुपए का मिलेगा। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर यथावत 908 रुपए 50 पैसा का ही है।



**मूल्य वृद्धि दो महीने में 300 रुपए से ज्यादा की**

*बीते दो महीने में कॅमर्शियल गैस सिलेंडर में दाम में 300 रुपए से अधिक मूल्य वृद्धि हुई है। बीते महीने भी सरकार ने 14 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर पर राहत दी थी, लेकिन पेट्रोलियम कंपनियों ने कॅमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में पहली अक्टूबर को 209 रुपए बढ़ाए गए थे और अब नवंबर माह की एक तारीख को 100 रुपए इजाफा किया गया है।*

## बंपर 80 से 100 ट्रॉली की रोजाना आवक, धान की खरीदी पांच दिन

# पांच साल बाद भोपाल मंडी में धान की बंपर आवक और खरीदी

आत्माराम सोनी ▶▶| भोपाल

भोपाल की करोंद स्थित पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज में पांच साल बाद धान की नीलामी और खरीदी शुरू होने से भोपाल जिले के आसपास 50 किलो मीटर के दायरे वाले धान उत्पादक किसानों को धान बिक्री का एक सर्वसुविधायुक्त प्लेटफॉर्म मिला। सप्ताह भर पहले करोंद अनाज मंडी में शुरू हुई धान खरीदी और आवक बुधवार को चरम पर थी। मंडी धान की बंपर 80 से 100 ट्राली यानी करीब 5 हजार बोरे की आवक रही है। धान की बंपर आवक होने से और धान की खरीद-बिक्री होने से मंडी के व्यापारी और धान उत्पादक किसान दोनों ही खुश है।

## राइस मिलों ने अपने आढ़तिए नियुक्त किए



हरीश ज्ञानचंदानी

संजीव जैन

### सागर राइस मिल्स सहित इटारसी पंजाब- हरियाणा जा रही धान

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और संजीव जैन के अनुसार पांच साल बाद मंडी में धान की खरीदी शुरू होने से व्यापारी और किसान दोनों ही उत्साहित है। मंडी में दो किस्त की धान पूसा और 3511 धान की बंपर आवक है। जिसकी खरीदी मंडी समिति के 8 से 9 लायसेंसी व्यापारियों द्वारा की जा रही है। एसोसिएशन के पदाधिकारीद्वय हरीश ज्ञानचंदानी और संजीव जैन के अनुसार उक्त व्यापारियों को मंडीदीप की दावत राइस मिल्स, सागर राइस मिल्स सहित इटारसी और पंजाब-हरियाणा की राइस मिलों ने अपनी आढ़तियां नियुक्त किया है। अतः उक्त राइज्स मिल के लिए मंडी की व्यापारी किसानों से धान की खरीदी कर रहे हैं।

### किसानों को मिल रहा है नगद भुगतान

करोंद स्थित भोपाल अनाज मंडी में धान लेकर पहुंच रहे धान उत्पादक किसानों को किसी बात की कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए मंडी प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए है। साथ ही मंडी प्रांगण में धान नीलाम होने के बाद धान क्रेता व्यापारियों द्वारा किसान को धान का नगद भुगतान किया जा रहा है।

### 800 से 2100 रुपए तक अधिक मिल रहा भाव

केंद्र सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपए निर्धारित किया गया है , लेकिन राजधानी के करोंद स्थित भोपाल कृषि उपज मंडी में किसानों को निर्धारित एमएसपी मूल्य से 800 से 2100 रुपए अधिक तक धान की कीमत मिल रही है। भोपाल ग्रेन मर्चेन्ट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी के अनुसार किसानों द्वारा लाई गई 3511 किस्म की धान की नीलामी मंडी में क्वालिटीनुसार 3000 से 3700 रुपए क्विंटल के भाव पर हो रही है जबकि पूसा बासमती धान क्वालिटीनुसार 3600 से 4300 रुपए क्विंटल के भाव तक नीलाम हो रही है।

### धान के लिए व्यापारियों ने बिहार से बुलाए 50 मजदूर

भोपाल में पांच साल पहले धान की खरीदी हुई थी जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई थी और फिर मंडी में धान नहीं बिकी । अब पांच साल बाद पुनः मंडी में धान की खरीदी हो रहे है। ऐसे में यहां के मजदूरों को धान रखाव के बारे में निपुणता हासिल नहीं है अतः अनुभवी और धान के रखाव की जानकारी रखने वाले बिहार से करीब 50 मजदूरों को भोपाल मंडी के व्यापारियों ने बुलाया है जो अपनी दक्षता का हुनर मंडी बखूबी धान का रख रखाव करने में दिखा रहे हैं।

### खरीदी सप्ताह में 5 दिन शनिवार रविवार को बंद

भोपाल कृषि उपज मंडी समिति के द्वारा धान खरीदी के पुख्ता प्रबंधन किए जाने के साथ -साथ धान खरीदी के दिन का भी निर्धारण किया है। मंडी में धान की खरीदी सोमवार से शुक्रवार तक यानी सप्ताह में 5 दिन ही की जा रही है और शनिवार -रविवार को धान की खरीदी बंद रहती है।

### बाहरी कंपनी और प्लांट वालों ने मंडी में किया अपना रुख

एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी ने बताया कि भोपाल मंडी में धान की खरीदी शुरू होने और लोकल राइस मिल्स के साथ पंजाब - हरियाणा की राइस मिल्स द्वारा अढ़तियों के मार्फत धान किए खरीदी किए जाने और पूसा बासमती धान की अच्छी आवक की खबर बाहरी राइज्स मिल्स कंपिनयों को लगने से उन्होंने अपना रूख मंडी की ओर किया है और धान के क्वालिटी की जांच -परख करने अपने सर्वेयर भोपाल मंडी भेज रहे है।

### मंडी में हैं पुख्ता इंतजाम



भोपाल मंडी में धान की खरीदी शुरू होने से किसान और व्यापारी दोनों खुश हैं। भोपाल जिले के आसपास के किसान अपनी उपज बेचने के लिए इधर -उधर भटक रहे थे उन्हें भोपाल कृषि उपज मंडी धान बिक्री का सुविधाजन प्लेटफॉर्म मिला है। धान खरीदी शुरू हुए करीब हफ्ते भर हो गए है। बीते दिन मंडी बोर्ड एमडी श्रीमन शुक्ला ने भी मंडी प्रांगण निरीक्षण किया और पुख्ता व्यवस्था की सराहना की, इसके साथ ही व्यापारियों ने मंडी प्रांगण में धान की खरीदी सुविधा मुहैया कराने पर बधाई दी। मंडी में धान की खरीद और विक्रय होने से मंडी प्रशासन को अब धान से बतौर मंडी शुल्क के रूप में अतिरिक्त आय होगी ।

**आरके जैन, सचिव,** भोपाल कृषि उपज मंडी समिति

## सख्त निगरानी के निर्देश

# त्योहारी सीजन में मिलेगा शुद्ध दूध, खोया और पनीर

## 4,000 अधिकारियों को मोर्चे पर लगाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेस्टिव सीजन में मिलेगा शुद्ध दूध, खोया और पनीर उपलब्ध कराने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई ) ने मध्यप्रदेश सहित देशभर के 4,000 अधिकारियों को इस मोर्चे पर लगाया है। एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के सभी अधिकारियों को मिलावट पर सख्त निगरानी रखने और दूध और दूध उत्पादों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

### गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने एकत्र करने के लिए कहा

*राज्यों को कहा गया है कि वहां पर अधिकारी कड़ी निगरानी करें और मिलावट की जांच के अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दुकानों का निरीक्षण करने और गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने एकत्र करने के लिए कहा गया है। जांच में सैंपल फेल पाए जाते हैं तो कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एफएसएसएआई ने इस साल निगरानी नमूनों की संख्या बढ़ाकर एक लाख कर दी है और अगले साल यह बढ़कर सात लाख हो जाएगी।*

### राज्य स्तरीय अधिकारियों को कड़ी निगरानी करने के निर्देश

एफएसएसएआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि दूध, दूध उत्पादों और मिठाइयों पर निगरानी रखी जाए। ज्यादा से ज्यादा सैंपल लेकर जांच करवाई जाए और मिलावट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अलग-अलग जिलों में दूध, खोया, पनीर के सैंपल लिए जा रहे हैं और जांच हो रही है। एफएसएसएआई ने देशभर में अपने करीब4 हजार राज्य स्तरीय अधिकारियों को कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। फेस्टिव सीजन में मिठाईयों की मांग बढ़ जाती है। भारत में दूध में मिलावट के काफी मामले सामने आते हैं और ज्यादातर मिठाइयां दूध के उत्पादों से ही बनाई जाती हैं।

# गेहूं, चना, सरसों, सोयाबीन और मूंग के वायदा कारोबार पर रोक

## ट्रेडिंग पर पाबंदी अगले साल दिसंबर तक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

धान, गेहूं, चना, सरसों, सोयाबीन और मूंग के वायदा कारोबार पर रोक जारी है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने इन कमोडिटी की डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर रोक को दिसंबर 2024 तक के लिए बढ़ा दी है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने 19 दिसंबर 2021 को स्टॉक एक्सचेंजों को जारी अपने आदेश में धान, गेहूं, चना, सरसों और उसकी डेरिवेटिव्स, सोयाबीन और उसकी डेरिवेटिव्स, क्रूड पाम ऑयल और मूंग पर एक साल के लिए पाबंदी लगाने को कहा था। जो दिसंब 2024 तक जारी रहेगी। जानकारी के अनुसार सेबी ने यह निर्णय मध्यप्रदेश सहित देश के पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लिया है। इसके अलावा सरकार के निर्देशानुसार महंगाई रोकने के लिए उठाया गया सार्थक कदम भी है। सरकार का उद्देश्य वायदा कारोबार में मनमानी तेजी-मंदी को रोककर हाजिर बाजार में स्थिरता लाना था। उल्लेखनीय है कि सेबी ने गेहूं,सरसों, चना और मूंग जैसे अनाजों के साथ ही तिलहन में सोयाबीन, क्रूड पाम के साथ गैर बासमती ट्रेडिंग पर पाबंदी लगा रखी है। आने वाले वर्ष में लोकसभा के चुनाव होना है। ऐसे में 2024 में नई सरकार बनने के बाद ही वायदा कारोबार खुलने के आसार है।

## खबर संक्षेप

### तनिष्क का नया 'धरोहर' कलेक्शन पेश

**मुंबई।** तनिष्क का नया धरोहर कलेक्शन परंपरा को आधुनिकता के साथ सहजता से जोड़ता है। यह



अद्वितीय डिज़ाइन और मनोरम शिल्प कौशल को उजागर करता है, विरासत और हमारे गौरवशाली अतीत को संजोकर रखता है। इस कलेक्शन में प्लेन गोल्ड, विंटेज और कुंदन आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, इसका हर आभूषण तनिष्क महिला को, विरासतों की सच्ची कस्टोडियन को सम्मानित करता है।

### डीएफसी बैंक का मुनाफा 751 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर लेंडर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दूसरे क्वार्टर के नतीजे जारी कर दिए हैं। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 751 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ है। यह पिछले साल के इसी अवधि के मुकाबले 35 फीसदी ज्यादा है। जुलाई-सितंबर क्वार्टर में नेट इंटरेस्ट इनकम 31 फीसदी बढ़ी। नेट इंटरेस्ट इनकम की बात करें तो यह 3,950 करोड़ रुपए रही। कंपनी का नेट इंटरेस्ट इनकम पिछले फाइनेंशियल ईयर के जुलाई-सितंबर क्वार्टर के मुकाबले 31 फीसदी ज्यादा है।

### लॉर्ड्स मार्क ने लांच किया टाइनेफकॉन

**मुंबई।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी एवं एक प्रमुख



हेल्थकेयर व वेलनेस कंपनी लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने सोरायसिस के इलाज के लिए एक पेटेंट दवा टाइनेफकॉन लांच की है। लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने भारत में पिरामल लाइफ साइंसेज द्वारा तैयार पेटेंट प्रोडक्ट के लिए इनवेक्स हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एक्सक्लूसिव एग्रीमेंट किया है।

# पीएचडी चेंबर के फिर अध्यक्ष बने इंजी. संजीव अग्रवाल



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

उद्योग, व्यापार व उद्यमशीलता के क्षेत्र में 1905 से कार्यरत देश की अग्रणी संस्था पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, नई दिल्ली ने सेज



ग्रुप के सीएमडी इंजी. संजीव अग्रवाल को पुनः संस्था के मध्य प्रदेश चैप्टर का चेयरमैन नियुक्त किया है। इंजी अग्रवाल का तीसरी बार सर्वसम्मिति से मध्य प्रदेश इकाई का चेयर चुना गया है।

ओरिएंट कागज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी मनोज मोदी व विकास मित्तल , प्रेजिडेंट, सुपीरियर ड्रिंक्स प्राइवेट लिमटेड, जबलपुर को पुनः को-चेयर नियुक्त किया गया है।

### 6 वर्किंग कमेटी गठित हुई

पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मध्यप्रदेश इकाई की समिति व सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें 6 वर्किंग कमेटी गठित की गई जो अलग अलग सेक्टर में कार्य करते हुए संस्था के उद्देश्यों को पूरा कर देश के विकास में अपना योगदान देगी। पीएचडी चेंबर , मप्र इकाई के रेजिडेंट मैनेजर अनिरुद्ध दुबे ने उपस्थित सदस्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से चेंबर के कार्यो से अवगत कराया। पीएचडी चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के राष्टीय अध्यक्ष, बोर्ड के सदस्य, मध्य प्रदेश व्यापार संघ व इंडस्ट्री के वरिष्ठजनों ने इंजी अग्रवाल को पुनः चेयरमैन बनाये जाने पर बधाई दी है और आशा व्यक्त कि उनके कार्यकाल में ट्रेड व इंडस्ट्री और बेहतर कार्य करेगी और सरकार के मेक इन इंडिया व एंट्रेप्रेनरशिप डेवलपमेंट पर और काम होगा। इंजी अग्रवाल को तीसरी बार चेयरमैन बनाये जाने पर सेज ग्रुप के मेंबर्स ने भी उन्हें बधाई दी और प्रसन्नता जाहिर की।

## बिजनेस न्यूज

### भाभा विश्वविद्यालय मे एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के सभी संकाय के छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन 1 से 4 नवंबर तक किया जा रहा है ,जिसमें स्लोगन चैलेंज,पोस्टर मेकिंग, एंटी रैगिंग,प्रमाणपत्र वितरण किया जाएगा। इस सप्ताह में सभी विभागों के छात्र एवम शिक्षक




सम्मलित होंगे। जिसमें विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले समस्त छात्र - छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह एंटी रैगिंग सप्ताह सभी विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी रहेगा, ऐसा चेयरमैन एंटी रैगिंग कमिटी डॉ नमिष मेहता एवं पूर्व चेयरमैन एन्टी रैगिंग कमिटी डॉ.अशोक झाला कहना है।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में चलाया जा रहा है मतदाता जागरुकता अभियान

**भोपाल ।** जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के



माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, इस के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के फिजियोथैरेपी विभाग के स्वयं सेवकों द्वारा एनएसएस समन्वयक कैप्टन पीयूष नेमा के नेतृत्व में पोस्टर मेकिंग और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। विभाग के सभी छात्रछात्राओं को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान फिजियोथैरेपी विभाग के प्राचार्य डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव तथा अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे और जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं पदाधिकारी गण द्वारा मतदाता जागरूकता की इस पहल के लिए प्रशंसा की गई। इस दौरान इकाई के वरिष्ठ स्वयं सेवक अंजलि रामटेकर, मंटू कुमार, मुकुल सिंह, तृप्ति जायसवाल, प्रेरणा सोलंकी, राहुल मिश्रा, मोहम्मद कैफ, अल्पना पटेल, सीमा पटेल एवं विभाग के अन्य सभी छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा आगामी दिनों में मतदाता जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं जिसका उद्देश्य लोकतंत्र के इस महायज्ञ को सफल बनाना है ।

### शक्ति पंप्स को वेस्ट वाटर पंप के लिए मिला सातवां पेटेंट

**इंदौर।** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को वेस्ट वाटर पंप्स में एडजस्टेबल इम्पेलर के साथ ग्राइंडर पंप असेंबली का आविष्कार करने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पंप्स का सातवां पेटेंट है।



शक्ति पंप्स के चेयरमेन दिनेश पाटीदार ने नई पेटेंट टेक्नोलॉजी के बारे में कहा कि मुख्य रूप से ठोस अपशिष्ट के कारण अपशिष्ट जल लाइनों में रुकावटों का सामना करना पड़ता है। ये रुकावटें सामान्य परिचालन को कठिन बनाती हैं और इसके परिणामस्वरूप रखरखाव में भारी लागत आ सकती है। हमारी रिसर्च टीम द्वारा किये गए इस शोध और उस पर मिले इस नए पेटेंन्ट के माध्यम से, हम इन चुनौतियों को प्रभावी ढंग से कम करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकताएं होती हैं और ऑपरेशनल डाउनटाइम कम हो जाता है।

### सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने हार्दिक पंड्या को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में स्थित सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड सिल्वर ब्रांड के तहत पंप, मोटर और कृषि उपकरण के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक है और बेडिया ब्रांड के तहत पंखे, उपकरण और प्रकाश उत्पाद बनाती है। जब पंप और मोटर की बात आती है तो सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स के पास विश्व स्तरीय और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण में 41 वर्षों की समृद्ध विरासत है। पिछले चार वर्षों में, युवा और दूरदर्शी प्रबंध निदेशक विनीत बेडिया के नेतृत्व में कंपनी ने कृषि उपकरणों, पंखे, लाइट और बिजली के उपकरणों में कदम रखा है। हाल ही में विनीत बेडिया ने मशहूर क्रिकेटर हार्दिक पंड्या को कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है।

### अब तक दाखिल किए गए रिकॉर्ड 7.85 करोड़ से अधिक आईटीआर

**नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने आज कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किये गए हैं। विभाग ने यहां आंकड़े जारी करते हुये समय पर अनुपालन के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों की सराहना की और कहा कि 31 अक्टूबर आईटीआर 7 को छोड़कर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। विभाग ने अब तक रिटर्न नहीं दाखिल करने वालों से समय पर कर अनुपालन करने की भी अपील की है।

### मित्सु केम प्लास्ट ने हासिल किया 76 करोड़ का टर्नओवर

**मुंबई।** ब्लो मोल्डिंग, इंजेक्शन और कस्टमाइज मोल्डिंग की एक सबसे बड़ी निर्माता, मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड (मित्सु) ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी को वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में कुल आय 76.01 करोड़ रुपए हुई। कंपनी का एबिटडा 5.42 करोड़ रुपए हुआ , जबकि एबिटडा मार्जिन 7.16 फीसदी हुई और कर बाद लाभ 1.50 करोड़ रुपए का हुआ। मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के चेयरमैन, श्री जगदीश देढ़िया ने कहाकि सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी के साथ हमारे कस्टमाइज्ड सॉल्यूशंस निसंदेह रूप से बाजार में हमारी अग्रणी स्थिति सुनिश्चित करेंगे.इस बढ़ती मांग के संदर्भ में हम सक्रिय रूप से पात्र इक्विटी शेयरधारकों को टारगेट करते हुए एक राइट्स इश्यू के मार्फत लगभग 45 करोड रुपए एकत्र करने की संभावनाओं की छानबीन कर रहे हैं।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारत का चैंपियन सा जोश, लगातार 6 मैचों से अजेय, फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका से मैच आज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बारह बरस पहले इसी मैदान पर खिताब जीतकर एक अरब देशवासियों को अप्रैल में दीवाली मनाने का मौका देने वाली भारतीय टीम एक बार फिर गुरुवार को उसी प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका से विश्व कप का लीग मैच खेलेगी तो इस बार मुकाबला निहायत ही बेमेल होगा। विश्व कप 2011 कर फाइनल जहां बराबरी का मुकाबला था, वहीं इस बार की टक्कर बेमेल होगी। तीसरे खिताब की ओर अग्रसर भारतीय टीम जबर्दस्त फॉर्म में है तो श्रीलंका हार दर हार से बेजार है। लगातार छह मैच जीत चुकी भारतीय टीम को सही मायने में अब तक कोई चुनौती नहीं मिली है। भारत ने हर विभाग में एक चैंपियन की तरह प्रदर्शन किया है।



### चेस कर जीता भारत

आत्मविश्वास के उफान का कारण यह भी है कि कठिन हालात से भारत ने वापसी करके जीत दर्ज की है मसलन चेन्नई में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच रन पर तीन विकेट गंवाना हो या इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में नौ विकेट पर 229 रन के साधारण स्कोर के बावजूद जीत दर्ज करना हो। इसने विरोधी टीमों के लिये भी खतरे की घंटी बजा दी है कि रोहित शर्मा की टीम का सामना करने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### शमी की शानदार वापसी

हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में मोहम्मद शमी को मौका दिया गया जिन्होंने दो मैचों में नौ विकेट लेकर चयनकर्ताओं के लिए सुखद सिरदर्द पैदा कर दिया है। कप्तान रोहित और कोच राहुल द्रविड़ को पता है कि शमी को आगे के बड़े मुकाबलों के लिए सुरक्षित रखना होगा।

### घर में गरजेंगे रोहित

रोहित, सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर का भी यह घरेलू मैदान है। इस विश्व कप में 66.33 की औसत से भारत के लिए सर्वाधिक 398 रन बना चुके रोहित अपने बल्ले से रनों की बौछार करके घरेलू दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करना चाहेंगे।



### युवा कर रहे निराश

पंड्या की वापसी को लेकर अभी कोई समाचार नहीं है लेकिन भारत की युवा ब्रिगेड का प्रदर्शन जरूर चिंता का सबब है। लगातार अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप में आए शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। गिल को अपना विकेट फेंकने से बचना होगा। \अय्यर ने छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है । कई मौकों पर वह फिनिशर की भूमिका निभाने में नाकाम रहे। अब अपने घरेलू मैदान पर पिछली नाकामियों को भुलाकर उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### श्रीलंकाई टीम नाकाम

क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रीलंकाई टीम विश्व कप में नाकाम रही। प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों और अनुपलब्धता ने उसकी परेशानी और बढ़ा दी है। श्रीलंका के लिए सदीरा समरविक्रमा ने छह मैचों में सर्वाधिक 331 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक शामिल है। पाथुम निसांका ने भी इस साल एक हजार से अधिक वनडे रन बनाए हैं। विश्व कप में उन्होंने लगातार चार अर्धशतक जड़े हैं। कप्तान कुसल मेंडिस और एंजेलो मैथ्यूज के रूप में श्रीलंका के पास मैच विनर खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्श्न किया है लेकिन अनुभव के अभाव में भारतीय बल्लेबाज उनके लिए बड़ी चुनौती साबित होंगे।

## खबर संक्षेप



### वनडे में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बने शाहीन अफरीदी

**कोलकाता।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए जो उनके कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अफरीदी ने सात पायदान की छलांग लगाकर आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में पाकिस्तान की जीत में अफरीदी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। इसी मैच में उन्होंने 100वां वनडे विकेट भी लिया। भारत के मोहम्मद सिराज रैंकिंग में तीसरे और स्पिनर कुलदीप यादव सातवें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर हैं। भारत के शुभमन गिल दूसरे, रोहित शर्मा पांचवें और विराट कोहली सातवें स्थान पर है।

### दिल्ली, मुंबई के मैचों में आतिशबाजी नहीं



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने दिल्ली और मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण इन दोनों शहरों में विश्व कप मैचों के दौरान आतिशबाजी पर रोक लगा दी है। दिल्ली में एक ही मैच बचा है जब छह नवंबर को श्रीलंका और बांग्लादेश आमने सामने होंगे। मुंबई में दो और सात नवंबर को लीग मैच और 15 नवंबर को सेमीफाइनल होना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'बीसीसीआई पर्यावरण से जुड़े मसलों को लेकर काफी संवेदनशील है। हमने आईसीसी से बात की है और मुंबई में कोई आतिशबाजी नहीं होगी।'

### अल्काराज पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में हारकर बाहर



**पेरिस।** सत्र को शीर्ष रैंकिंग के साथ अलविदा कहने की स्पेन के कार्लोस अल्काराज की उम्मीदों को करारा झटका लगा जब पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में उन्हें क्वालीफायर रोमन सफिउलिन ने 6-3, 6-4 से हरा दिया। चोट के बाद वापसी करने वाले अल्काराज ने मैच में 21 के मुकाबले 27 सहज गलतियां की। वह तीन सप्ताह पहले शंघाई मास्टर्स में भी चौथे दौर से बाहर हो गए थे और बाएं पैर की चोट के कारण स्विस इंडोर्स नहीं खेले थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रेइ रूबलेव ने योशिहितो निशिओका को 6-4, 6-3 से हराया जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव ने लाज्लो जेरे को 6-4, 7-5 से मात दी। पेरिस मास्टर्स से पहले ही नोवाक जोकोविच, अल्काराज, दानिल मेदवेदेव, जानिक सिनेर और रूबलेव सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

### साउथ अफ्रीका वर्ल्डकप में 24 साल बाद न्यूजीलैंड से जीता

# डिकॉक और डुसेन के शतक, दक्षिण अफ्रीका की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत

भाषा ▶▶| पुणे

■ इस विश्वकप में चौथी बार 350+ स्कोर, न्यूजीलैंड 167 पर ऑलआउट




बेहतरीन फॉर्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक और रासी वान डेर डुसेन के शतकों की मदद से विशाल स्कोर खड़ा करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी वनडे विश्व कप में बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 190 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल की दहलीज पर मजबूत कदम रखे। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 357 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 35.3 ओवर में 167 रन बनाकर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की विश्व कप में यहां दूसरी सबसे बड़ी हार है। दक्षिण अफ्रीका की यह लगातार चौथी और कुल छठी जीत है जिससे वहां सात मैच में 12 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। अपने पहले चार मैच जीतकर शानदार शुरुआत करने वाले न्यूजीलैंड की यह लगातार तीसरी पराजय है, जिससे उस पर सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अगर मगर की डगर में फंसने का खतरा मंडराने लग गया है। कीवी टीम के सात मैच में आठ अंक हैं और वह चौथे स्थान पर खिसक गई है। डिकॉक ने 116 गेंद पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 114 रन बनाए। डुसेन ने 118 गेंद पर 133 रन बनाए जिसमें 9 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। इनके अलावा ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजे गए डेविड मिलर ने 30 गेंद पर चार छक्कों की मदद से 53 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी 10 ओवर में 119 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम शुरू में ही बड़े लक्ष्य के दबाव में आ गई। उसके बल्लेबाजों ने भी किसी तरह से जिम्मेदारी नहीं दिखाई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 60 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से केशव महाराज ने 46 रन देकर चार, मार्को यानसन ने 31 रन देकर तीन और गेराल्ड कोएत्जी ने 41 रन देकर दो विकेट लिए। यानसन ने गेंदबाजी में फिर से दक्षिण अफ्रीका को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने डेवोन कॉनवे (02) और शानदार फॉर्म में चल रहे रचिन रविंद्र (09) को सस्ते में आउट करके न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम झकझोरा। सलामी बल्लेबाज विल यंग (37 गेंद पर 33) भी अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए, जबकि कप्तान टॉम लैथम (04) भी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे। यंग को कोएत्जी ने अपने पहले ओवर में पवेलियन का रास्ता दिखाई जबकि लैथम ने कागिसो रबाडा की गेंद पर कवर में आसान कैच दिया। डेरिल मिचेल (24) से ऐसे मौके पर जिम्मेदारी भरी पारी खेलने की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने महाराज के पहले ओवर में ही गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर डीप कवर पर कैच दे दिया।

एशियाई चैंपियनशिप



## ऐश्वर्य ने एशियाई निशानेबाजी में जीता स्वर्ण और रजत पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और टीम वर्ग में रजत पदक जीता।

बाईस वर्ष के तोमर ने 463.5 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता। चीन के तियान जियामिंग को रजत और डु लिंशू को कांस्य पदक मिला। तोमर क्वालीफिकेशन में 591 अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे थे। तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण ने टीम वर्ग में 1764 अंक लेकर रजत पदक जीता। चीन की टीम उनसे तीन अंक आगे रही। इस वर्ग में भारत कुसाले और श्योराण के जरिए पहले ही अधिकतम दो ओलंपिक कोटा स्थान हासिल कर चुका है।

### एआईएफएफ को मिला एएफसी कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को देश में जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास के लिए एएफसी अध्यक्ष मान्यता कांस्य पदक दिया गया है। यह इस वर्ग में एआईएफएफ का दूसरा पुरस्कार है। उसे 2014 में भी यह सम्मान मिला था। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने दोहा में मंगलवार की रात पुरस्कार लेने के बाद कहा, 'भारतीय फुटबॉल के लिए यह अच्छी उपलब्धि है। हम भारत में जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास के लिए काम करते रहेंगे।' एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एआईएफएफ ब्लू कब्स कार्यक्रम, ब्लू कब्स फुटबॉल स्कूल, ग्रासरुट पुरस्कर और गैर पेशेवर संस्थाओं के लिए लीग से भारतीय फुटबॉल के विकास में काफी मदद मिली है।

## अजेय भारत का आखिरी लीग मैच द. कोरिया से आज



**रांची।** सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ भी अपने अजेय अभियान को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। भारत छह टीमों की लीग तालिका में 12 अंक लेकर शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका भी सेमीफाइनल में पहुंच चुका है जो चार मैचों में सात अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। राउंड रॉबिन लीग से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। भारत ने थाईलैंड (7-1), मलेशिया (5-0), चीन (2-1) और जापान (2-1) के खिलाफ जीत दर्ज की है। वहीं दक्षिण कोरिया ने दो मैच जीते, एक हारा और एक ड्रॉ खेला। भारत के खिलाफ दक्षिण कोरिया ने अब तक 20 में से 12 मैच जीते हैं। भारत ने पांच मैच जीते और तीन ड्रॉ रहे। पिछली बार दोनों टीमें हांगझोउ एशियाई खेलों में एक दूसरे से खेली थी जो 1-1 से ड्रॉ रहा था।

## वानखेड़े में सचिन के स्टैच्यू का अनावरण

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारत की मेजबानी में वनडे वर्ल्ड कप 2023 खेला जा रहा है। इसी के तहत भारतीय टीम को अपना 7वां मुकाबला गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेलना है। मगर उससे पहले एक मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने वानखेड़े में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के स्टैच्यू का इनॉगरेशन किया। सचिन तेंदुलकर के स्टैच्यू का यह इनॉगरेशन प्रोग्राम एक दिन पहले यानी बुधवार की शाम को किया गया।

## सबालेंका को हराकर पेगुला सेमीफाइनल में...

**केंकुन।** अमेरिका की जेसिका पेगुला ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर डब्लुटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पेगुला ने शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच वर्ष के इस आखिरी टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन लीग मैच में 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना ने मारिया सक्कारी को 6-0, 6-7, 7-6 से हराया। अब सबालेंका का सामना रिबाकिना से होगा। दोनों की टक्कर जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में भी हुई थी जो सबालेंका ने जीता था।



## वीरधवल खाड़े का घरेलू तैराकी से स्वर्णिम संन्यास

एजेंसी ▶▶| पणजी



भारत के अनुभवी तैराक वीरधवल खाड़े ने राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घरेलू टूर्नामेंटों को अलविदा कह दिया। बीजिंग ओलंपिक 2008 के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के सबसे युवा तैराक रहे खाड़े ने भारत के उदीयमान स्टार श्रीहरि नटराज को हराया। खाड़े ने 2010 एशियाई खेलों में 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर भारत का 24 साल का इंतजार खत्म किया था। खाड़े ने कहा, 'मैने 2001 में गोवा में ही अपना पहला राष्ट्रीय पदक जीता था और आज अपने आखिरी राष्ट्रीय खेल में फिर स्वर्ण पदक जीता है। उस समय मैने सोचा भी नहीं था कि यहां तक पहुंचूंगा। मैं अपने कोचों और इस सफर में साथी रहे सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं।' खाड़े ने चोट के कारण कुछ समय दूर रहने के बाद 2018 में वापसी करके टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने कहा, 'दिल से मैं अभी भी जवान हूं लेकिन शरीर थक गया है। इतने साल बीत गए और अब रिकवरी उतनी तेजी से नहीं होती। यह भारत में मेरा आखिरी टूर्नामेंट है। भविष्य में शायद कोच बनूं लेकिन यह मेरी आखिरी प्रतिस्पर्धी रेस थी।'

### गोल्फ कार्ट से गिरकर कनकशन के हुए शिकार

# मैक्सवेल चोटिल, इंग्लैंड के खिलाफ मैच से हटे

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरकर चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चार नवंबर को विश्व कप का लीग मैच नहीं खेल सकेंगे।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि मैक्सवेल गोल्फ कार्ट पर बैठे थे जब वह गिरे।

आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू डोनाल्ड ने कहा, 'क्लबहाउस से टीम बस की ओर लौटते समय ग्लेन मैक्सवेल कार्ट के पीछे से उतरने के दौरान चोटिल हो गया। उसे सिर में चोट लगी है। उसे कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरना होगा और वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेगा।'वह आस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण का दारोमदार एडम जाम्पा के साथ संभालते हैं। इसके अलावा मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज भी है जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली में सिर्फ 40 गेंद में विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया था। मैक्सवेल को इससे पहले मेलबर्न में नवंबर में एक बर्थडे पार्टी के दौरान भी दुर्घटना में पैर में फ्रेक्चर हो गया था।

न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बीच एक सप्ताह का ब्रेक होने के कारण खिलाड़ी गोल्फ का मजा ले रहे थे। पिछले साल इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो भी गोल्फ खेलते हुए गिर गए थे और टी20 विश्व कप नहीं खेल पाये थे जो इंग्लैंड ने जीता था। कोच ने कहा, 'विकल्प की कोई जरूरत नहीं है। वह छह से आठ दिन कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरेगा इसलिए इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएगा। हमारे पास दूसरे खिलाड़ी उपलब्ध हैं।'

### मैट हेनरी को हैमस्ट्रिंग चोट

**पुणे।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को विश्व कप के मैच में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगी। उन्हें दक्षिण अफ्रीका की पारी में 27वें ओवर में चोट लगी। वह अपने छठे ओवर की तीन गेंद डाल चुके थे जिसके बाद वह दर्द से कराहते हुए मैदान से चले गए। न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन ने उनकी हैमस्ट्रिंग में पट्टी बांधी लेकिन वह गेंदबाजी जारी नहीं रख सके।न्यूजीलैंड टीम ने एक्स पर लिखा कि हेनरी के दाहिने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है और आगे जांच के बाद वह इस समय मैदान पर नहीं उतरेंगे। अभी यह पता नहीं है कि जरूरत पड़ने पर वह बल्लेबाजी कर पाएंगे या नहीं। न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्युसन, मार्क चैपमैन और केन विलियमसन भी चोट के कारण बाहर हैं।




|| आवश्यकता ||

आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार "गरीबों का सितारा" को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।

नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

प्रमोद शर्मा, सम्पादक, Mob. 8233553666
राजेन्द्र शर्मा, प्रधान सम्पादक, Mob. 7733050125

|| सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ||

गरीबों का सितारा — निष्पक्ष कलम / निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

ब्रह्मोस की 1,500 किमी है मारक क्षमता चीन भी हैरान

# भारतीय नौसेना को मिली बड़ी कामयाबी, बंगाल की खाड़ी में वॉर शिप से लॉन्च किया 'ब्रह्मोस'

*भारतीय नौसेना ने गोवा में ब्रह्मोस को लॉन्च किया है। ये लॉन्चिंग बंगाल की खाड़ी में वॉर शिप से हुई है। ब्रह्मोस के लॉन्च होने से नौसेना समेत देशभर के लोग उत्साहित महसूस कर रहे हैं।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को मिली बड़ी कामयाबी मिली है। नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में वॉर शिप से ब्रह्मोस को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। भारतीय नौसेना ने आर श्रेणी के विध्वंसक जहाज से ब्रह्मोस मिसाइल को सफलतापूर्वक दागा है।

इससे पहले भी उन्होंने कई क्षमता और रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल की विस्तारित रेंज को फायर किया था, इस बार परिचालन तैयारियों के कारण भारतीय नौसेना आज फायरिंग के दौरान ब्रह्मोस के सभी मापदंडों तक सफलतापूर्वक पहुंच गई। ये फायरिंग भारतीय नौसेना की पूर्वी कमान के बंगाल की खाड़ी में हुई। इसे चीनी नौसेना के लिए जवाब माना जा रहा है। आर श्रेणी के विध्वंसक जहाज और उसके शक्तिशाली हथियार, दोनों स्वदेशी हैं और आत्मनिर्भरता और समुद्र में भारतीय नौसेना की मारक क्षमता का एक और चमकदार प्रतीक हैं। यह नीले पानी पर हावी हैं और विरोधियों विशेषकर चीनी पीएलए नौसेना की सभी चुनौतियों का सामना करने की क्षमता रखते हैं।

**खास बातें**

- नौसेना ने अपनी विस्तारित रेंज क्षमता का भी परीक्षण किया
- आर श्रेणी के विध्वंसक जहाज और हथियार, दोनों स्वदेशी



### ब्रह्मोस सबसे उन्नत हथियारों में से एक

ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल सुपरसोनिक हथियार प्रणाली का लंबी दूरी का संस्करण है। यह रूस के साथ साझेदारी में बनाई गई भारत के पास मौजूद सबसे उन्नत हथियारों में से एक है। बता दें कि भारत हवा से लॉन्च की जाने वाली ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का एक लंबी दूरी का संस्करण विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है जो मार करने में सक्षम होगी।

### भारत कर रहा है निर्यात

ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के शीर्ष अधिकारी के अनुसार, यह एक भारत-रूसी संयुक्त उद्यम है, जो सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है। इन्हें पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या लैंड प्लेटफार्मों से 2.8 मैक की गति या लगभग तीन गुना गति के साथ लॉन्च किया जा सकता है। भारत फिलीपींस और अन्य कुछ देशों को ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भी कर रहा है। नौसेना ने अपनी विस्तारित रेंज क्षमता का भी परीक्षण किया है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने हाल ही में जमीन पर हमला करने वाली मिसाइल प्रणाली के दो परीक्षण किए थे। इसके परिणाम बहुत अच्छे थे क्योंकि मिसाइलों ने परीक्षणों में एकदम सटीक निशाना लगाया। वहीं, भारत फिलीपींस सहित मित्र देशों को भी मिसाइलें निर्यात कर रहा है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस कॉर्पोरेशन ज्यादा से ज्यादा देशों को मिसाइलों का निर्यात करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित निर्यात लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने पर भी विचार कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### खतरों से निपटने एआई पर सख्त हुआ अमेरिका



**वॉशिंगटन।** एआई को लेकर अमेरिका ने एक कड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रपति जो बिडेन ने एक एक्सटेंसिव एग्जीक्यूटिव ऑर्डर साइन किया है। इस आदेश में यह बताया कि कंपनियां, जो एआई का उपयोग करते हैं, उन्हें संभावित खतरों के बारे में बताना होगा। उन कंपनियों को रिपोर्ट देनी होगी, जिसके तकनीकी का उपयोग आंतकियों द्वारा किया जा सकता है।

### अमेरिका में एक और भारतीय छात्र पर हमला



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना स्टेट में एक हमलावर ने 24 वर्षीय भारतीय छात्र को चाकू मार दिया। छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। रविवार सुबह इंडियाना के वालपराइसो शहर में एक जिम में 24 वर्षीय हमलावर जॉर्डन एंड्राड ने वरुण की कनपटी में चाकू से हमला कर दिया था, जिसके बाद वरुण बुरी तरह घायल हो गया और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

### हिजबुल्ला के बाद हूती ने किया जंग का ऐलान



**तेल अवीव।** इजराइल-हमास युद्ध में हमास के साथ लेबनान का आतंकी संगठन हिजबुल्लाह भी इजराइली सेना के खिलाफ हमला बोल रखा है। वहीं अब इस जंग में यमन का चरमपंथी संगठन हूती भी कूंद गया है। हूती विद्रोहियों ने इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया है। पीएम अजीज बिन हबूतर ने कहा कि हम अपने लोगों को गाजा में मरने के लिए नहीं छोड़ सकते।

### किम जोंग कई देशों में बंद कर रहा दूतावास



**प्योंगयांग।** आर्थिक संकट के कारण उत्तर कोरिया ने आने वाले समय में कई देशों में अपने दूतावासों को बंद करने का फैसला लिया है। नॉर्थ कोरिया जिन देशों में अपने दूतावासों को बंद करने जा रहा है, उनमें स्पेन, हांगकांग और अफ्रीका के कई देश शामिल हैं। उत्तर कोरिया जल्द ही दुनिया में एक दर्जन से अधिक दूतावासों को बंद करने वाला है।

### भारत में रहकर खोल सकते रूसी बैंकों में खाता



**नई दिल्ली।** रूस ने बैंकिंग को लेकर भारत के लोगों को बड़ी सुविधा दी है। अब भारतीय घर बैठे रूस के बैंकों में अपना अकाउंट खुलवा सकते हैं। यह रूस जाने वाले भारतीय पर्यटकों और छात्रों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा। भारत में रूसी दूतावास ने 1 नवंबर को कहा कि रूस के बैंक खाते खोलने भारतीय नागरिकों के लिए सरलीकृत मानदंड पेश किए हैं।

3 दिवसीय यूएई दौरे पर धर्मेंद्र प्रधान

# अरब देशों को बड़ा संदेश 'हम हिंसा के साथ नहीं'



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान 1 से 3 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर हैं। मोदी सरकार के प्रतिनिधि के रूप में धर्मेंद्र प्रधान का पूरा दौरा उस वक्त हो रहा है जब पूरी दुनिया इजराइल-हमास जंग के बीच बंटी नजर आ रही है। ऐसे में एक मित्र अरब देश यूएई की तीन दिनों की यात्रा दोनों देशों की शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत भी करेगी और अरब देशों को संदेश भी देगी कि भारत हिंसा के साथ नहीं है।

यात्रा के पहले दिन यानी 1 नवंबर को धर्मेंद्र प्रधान यूएई के शिक्षा मंत्री, विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जाएद समेत कई मंत्रियों, अधिकारियों, शिक्षाविदों से मुलाकात की। मंत्री प्रधान अबू धाबी में बने आईईटी-दिल्ली के अंतरिम कैंपस भी गए। साथ ही वो पहुंचेंगे अबू धाबी स्कूल ऑफ डिसरप्टिव लर्निंग। यानी शिक्षा के क्षेत्र में यूएई के साथ जो समझौते हुए है, उनको अमली जामा पहनाना और उसे सुदृढ़ करना भी धर्मेंद्र प्रधान के दौरे का एक मुख्य लक्ष्य है।

### आज देखने जाएंगे ट्रेनिंग सेंटर

*आज धर्मेंद्र प्रधान अबू धाबी में एचयूबी 71 जाएंगे। ये एक ग्लोबल टेक इको सिस्टम है। दुबई में धर्मेंद्र प्रधान ईएफएस जाएंगे। धर्मेंद्र इस फैसिलिटी मैनेजमेंट कंपनी में जाकर वहां की ट्रेनिंग की सुविधाओं का जायजा लेंगे। पूरे दौरे पर धर्मेंद्र प्रधान का पूरा ध्यान इस बात पर केंद्रित रहेगा कि भविष्य में कैसे इन सभी विषयों पर दोनों देशों के बीच साझा करार हो। भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वहां के सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपलों और कई शिक्षण संस्थानों के मुखिया से मुलाकात करेंगे। उसके साथ ही वह आईआईटी और आईआईएम के पुराने छात्रों से भी मिलेंगे।*

### ओडिशा प्रेम यूएई में भी दिखा

धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा से आते हैं। वह जानते हैं कि कौशल विकास की ट्रेनिंग लेकर ओडिशा के कोने कोने से लोग दुनिया भर में नौकरी पा रहे हैं। इसलिए ओडिशा प्रेम यूएई में भी जारी रहेगा। 1 नवंबर को ही ओडिया समुदाय के लोगों के साथ धर्मेंद्र प्रधान भारतीय दूतावास के ऑडिटोरियम में संवाद भी किया। इसके साथ ही धर्मेंद्र प्रधान मंदिर जाकर दर्शन भी किए।

भारत-बांग्लादेश के लिए ऐतिहासिक दिन, 3 परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

# भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने जुड़े हैं: पीएम मोदी

## दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के लिए आभार : पीएम शेख हसीना

- भारत ने बांग्लादेश को 392.52 करोड़ की आर्थिक मदद की
- भारतीय रेलवे ने अपने बजट से 153.84 करोड़ रुपए आवंटित किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश के बीच आज तीन विकास परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ। इनमें अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और बांग्लादेश के रामपाल में मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-2 शामिल हैं। इस मौके पर बाग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने भारत की जमकर तारीफ की।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन खुशी की बात है। एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। वहीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ने कहा, दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए अपना आभार व्यक्त करती हूं। भारत और बांग्लादेश के विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, यह खुशी की बात है कि एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जो काम किया है, वह इससे पहले के दशकों में भी नहीं हुआ।

बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने कहा कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन भारत और बांग्लादेश के बीच मित्रता और सहयोग को दर्शाते हैं। इसके साथ ही शेख हसीना ने कहा कि जी 20 के दौरान जब वो भारत आई थी तो भारत में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ था इसके वो पीएम मोदी को धन्यवाद देती हैं। इसके साथ ही शेख हसीना ने कहा अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक परियोजना भारत सरकार के सहयोग से शुरू की गई है। भारत ने बांग्लादेश को 392.52 करोड़ रुपए की मदद दी है।

### अगरतला से कोलकाता जाने में 10 घंटे कम समय लगेगा



*एक अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में ट्रेन को अगरतला से कोलकाता पहुंचने में करीब 31 घंटे का समय लगता है, जो 10 घंटे कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना के काम में तेजी लाने के लिए भारतीय रेल ने अपने बजट से 153.84 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस परियोजना में मोंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉड-गेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इससे बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह मोंगला ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा। 1.6 बिलियन डॉलर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋण के तहत मैत्री सुपर थर्मल पावर परियोजना बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल में स्थित 1320 मेगावाट सुपर थर्मल पावर प्लांट (एमएसटीपीपी) है।*

### परियोजना के पूरे होने से सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलेगा

अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक परियोजना को भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत पूरा किया गया है। बांग्लादेश में 6.78 किमी और त्रिपुरा में 5.46 किमी दोहरी गेज रेल लाइन के साथ रेल लिंक की लंबाई 12.24 किमी है। खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन परियोजना को भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 388.92 मिलियन डॉलर की कुल परियोजना लागत के साथ पूरा किया गया है। इससे सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और ढाका के रास्ते अगरतला से कोलकाता आने-जाने में लगने वाला समय भी घटाएगा।

### मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-2 का उद्घाटन

*यह परियोजना बांग्लादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट -1 का सितंबर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और यूनिट 2 का उद्घाटन किया गया। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट के परिचालन से बांग्लादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी।*

# वर्ल्ड रिसॉर्ट में पहली बार 'दिवाली का जश्न'



### डांसरों ने दिखाई भारत की संस्कृति

**न्यूयॉर्क।** दिवाली को भारत ही नहीं बल्कि और भी देशों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। पहली बार इस त्योहार को फ्लोरिडा के वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिसॉर्ट में भी मनाया गया। सैकड़ों नर्तकों ने भारत की संस्कृति और विरासत की झलक दिखाई। युवा उत्सव की मेजबानी जश्न प्रोडक्शंस ने की थी। डिज्नी स्प्रिंग्स और डिज्नी के एनिमल किंगडम थीम पार्क में नाच गाना हुआ।

## डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर साइमा वाजेद नामित



**ढाका।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण-पूर्व एश्या के डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर साइमा वाजेद को नामित किया है। सदस्य राज्यों ने दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय समिति के 76वें सत्र में साइमा वाजेद को नामित करने के लिए मतदान किया था। नामांकन 22 से 27 जनवरी 2024 को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में होने वाले 154वें सत्र के दौरान डब्ल्यूएचओ में प्रस्तुत किया जाएगा। 1 फरवरी 2024 से पदभार ग्रहण होगा।

अभिनंदन ने इसी से किया था पाक जेट एफ-16 का काम तमाम

# हवाई टारगेट्स पर सटीक निशाना लगाने वाली 'घातक मिसाइल' भारत में बनेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनंदन वर्धमान ने जिस मिसाइल से पाक फायटर जेट को मार गिराया था। अब वह भारत में ही बनने जा रही है। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस घातक मिसाइल का नाम है आर-73ई। यह कम दूरी तक हवा से हवा में वार करने वाली मिसाइल है। फिलहाल इसे रूस में बनाया जाता है। 30 किमी के दायरे में यह दुश्मनों के लिए मानो काल है। इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत "मेक III" प्रोजेक्ट में बनाया जाएगा।



### आर-73ई एक बहुमुखी मिसाइल

इस मिसाइल की विशिष्ट विशेषता, इसकी मारक क्षमता है। यह किसी भी दिशा में, दिन-रात की परवाह किए बिना, यहां तक कि इलेक्ट्रॉनिक काउंटर मेजर परिस्थितियों में भी शानदार प्रदर्शन करती है।

### पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया

विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान पाकिस्तान में लगभग 60 घंटे तक रहने के बाद भारतीय धरती पर पहुंचे। मिग-21 बाइसन की कमान संभालते हुए विंग कमांडर वर्धमान ने कम दूरी की आर-73 मिसाइल का उपयोग करके एक पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया।

हवा में पीएम 2.5 का बढ़ा हुआ स्तर शरीर में बढ़ा रहा शुगर लेवल

अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसे मरीजों की समस्या बढ़ गई

# शोध में हुआ बड़ा खुलासा: वायु प्रदूषण की वजह से लोग हो रहे हैं डायबिटीज का शिकार

दिल्ली-एनसीआर समेत भारत के कई इलाकों में वायु प्रदूषण का लेवल बढ़ रहा है। वायु प्रदूषण के कारण कई खतरनाक बीमारियां हो रही हैं। यह चौंकाने वाली जानकारी रिसर्च में सामने आई।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बढ़ता वायु प्रदूषण कई बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। एयर पॉल्यूशन के कारण सांस की बीमारियां हो रही हैं। लोगों को एलर्जी का सामना करना पड़ रहा है। अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसे मरीजों की समस्या बढ़ गई है। प्रदूषण सांस की बीमारियां तो करता है, लेकिन अब एक रिसर्च में पता चला है कि पॉल्यूशन के कारण डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ रहा है। दिल्ली और चेन्नई में की गई रिसर्च में पता चला है कि बढ़ता वायु प्रदूषण टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को बढ़ा रहा है। इस रिसर्च को बीएमजे मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किया गया है।

**खास बातें**

- भारत में 10 करोड़ से अधिक हैं शुगर के पेशेंट
- प्रदूषण से 20 से 22 फीसदी तक अधिक खतरा



### डायबिटीज के हैं कई कारण

*जानकारों का कहना हैं कि भारत में डायबिटीज के बढ़ने के कई कारण हैं। इनमें गलत खानपान और बिगड़ा हुआ लाइफस्टाइल प्रमुख है। चिंता की बात यह है कि अब 20 से 30 साल की उम्र में भी लोग टाइप-2 डायबिटीज का शिकार हो रहे हैं।*

### 12 हजार लोगों पर रिसर्च

इस स्टडी में 12 हजार लोगों को शामिल किया गया था। इनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल थे। रिसर्च के दौरान इनके शरीर में ब्लड शुगर का लेवल जांचा गया था। जिन लोगों के शरीर में पॉल्यूशन का लेवल ज्यादा था या जिस दौरान वातावरण में प्रदूषण बढ़ा हुआ था उस समय शरीर में ब्लड शुगर का लेवल भी अधिक था। जो लोग लंबे समय तक प्रदूषण वाले इलाके में रहे उनके शरीर में शुगर के लेवल बढ़ने का खतरा 20 से 22 फीसदी तक अधिक था।

नदियों-तालाबों में आ सकता है उफान

# सकंट बड़ा: नेपाल के पहाड़ों की एक-तिहाई बर्फ पिघली

एजेंसी ⏭ काठमांडू

जलवायु परिवर्तन के कारण नेपाल के पहाड़ों की करीब एक-तिहाई बर्फ खत्म हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि इसे खत्म होने में करीब 30 वर्षों का समय लगा है। 50 हेक्टेयर से बड़े क्षेत्र वाली ग्लेशियर से बनी झीलों और जल निकायों के आंकड़ों को संकलित किया गया है। नेपाल के ग्लेशियर पिछले दशक में उससे पहले के दशक के मुकाबले 65 प्रतिशत ज्यादा तेजी से पिघले हैं। जीवाश्म ईंधन युग के अंत की मांग करते हुए उन्होंने चेतावनी भी दी।



### पिछले 100 वर्षों 0.74 डिग्री तक बढ़ा धरती का तापमान

जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले 100 वर्षों में धरती के तापमान में औसत 0.74 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। जलवायु परिवर्तन की इस शताब्दी के अंत तक हिंदू कुश-हिमालय इलाके के ग्लेशियरों का फैलाव 75 प्रतिशत कम हो सकता है। इस इलाके में रहने वाले 24 करोड़ लोगों पर बाढ़ का खतरा हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com